

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 15 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-017 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 अप्रैल 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## इंदिरा- सोनिया की वजह से मेरे जैसा गरीब भी सांसद : खरगे

■ नई दिल्ली 15 अप्रैल।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की वजह से ही उनके जैसा साधारण पृष्ठभूमि का विधायक और सांसद सांसद बन सका है। तेलंगाना के मनचेरियल में जय भारत सत्याग्रह सभा ??को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि अगर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी ने उनके जैसे गरीब लोगों को प्रोत्साहित नहीं किया होता तो वह जनप्रतिनिधि नहीं बन पाते।



खड़गे ने दावा किया कि उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी को 2019 में एक आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के 24 घंटे के भीतर लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि गुजरात के एक भाजपा सांसद को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य नहीं ठहराया गया था। हालांकि, खड़गे ने भाजपा सांसद का नाम नहीं लिया। इससे पहले रोजगार मेले को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए खड़गे ने गुरुवार को कहा था कि बहुत कम नौकरियां दी गई और बहुत देर हो गई। खड़गे ने ट्वीट किया, मोदीजी फिर नौकरी के नाम पर भर्ती के कागज बांट रहे हैं। कार्यक्रम में 50,000 पत्र केवल रेल मंत्रालय के हैं। रेलवे में 3,01,750 रिक्तियां हैं। सरकारी मंत्रालयों में 30 लाख पद खाली हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा,बहुत देर से दो, मोदी सरकार के 10वें साल के स्टंट के साथ बिल्कुल फिट बैठता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सूक्ष्म और सूक्ष्म उद्यमों के लिए मुद्रा ऋण योजना ने आठ करोड़ से अधिक नए उद्यमी पैदा किए हैं और सरकार की नीतियों और रणनीतियों ने नए अवसर खोले हैं। दरवाजा खोल दिया गया है।

## उनके समय में एक भी सैलानी नहीं जाता था बस्तर, डरे हुए थे लोग: बघेल

**रायपुर 15 अप्रैल।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बस्तर सम्मेलन को लेकर दिए बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि उनके समय में कोई सैलानी बस्तर नहीं जाता था. लोग डरे हुए थे, फर्जी एनकाउंटर किया. ये पहचान वो बनाकर रखे थे, हमने आदिवासियों को उनकी जमीन लौटवाई, लोगों को रोजगार से लगाया. उनको शिक्षा और स्वास्थ्य से जोड़ा. बिलासपुर में बंगाली समाज के आयोजन में शामिल होने से जाने से पहले मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके समय न जॉब कार्ड था, ना आधार कार्ड था. रमन सिंह के समय जवानों को राशन पहुंचाने मशक्कत करनी पड़ती थी. आज गरीब लोगों के घर में राशन पहुंच रहा है.

धर्म परिवर्तन करने वालों की डी लिस्टिंग को लेकर निकाली जा रही रैली पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उनको दिल्ली में ये प्रदर्शन करना चाहिए. यहां क्यों राजनीति कर रहे हैं. इस बात को लोकसभा में पूछते. उन्होंने कहा कि बस्तर की पुरानी पहचान थी. प्राकृतिक सौंदर्य की पहचान, आदिवासी संस्कृति की पहचान विलुप्त हो गया था. हमने पुराने दौर को वापस दिलाने का काम किया. बस्तर सम्मेलन को तमाशा कहे जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि रमन सिंह कभी सम्मेलन नहीं करा सकते, इसलिए उनको तमाशा लग रहा है. लोगों को जबरदस्ती ढोकर लाते थे, उनको कोई पूछ नहीं रहा है।

## संक्षेप

### मंत्री रुद्र गुरु की तबियत बिगड़ी

**रायपुर 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के पीएचई मंत्री गुरु रूद्र कुमार की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए हैदराबाद रेफर किया गया है। शनिवार को स्टेट प्लेन से मंत्री हैदराबाद के लिए रवाना हुए हैं। इससे पहले उनका इलाज रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में चल रहा था। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत रामकृष्ण अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत अन्य मंत्री, विधायक और कांग्रेस नेताओं ने फोन करके उनका हाल जाना। और जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मंत्री रूद्र कुमार गुरु का इलाज पिछले एक सप्ताह से रायपुर के अस्पताल में चल रहा था। ब्लड इन्फेक्शन की शिकायत को लेकर उन्हें रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आगे बेहतर इलाज के लिए हैदराबाद के लिए रवाना हुए हैं।



### अमृतपाल सिंह ने फिर दिया चकमा

**चंडीगढ़ 15 अप्रैल।** पंजाब में होशियारपुर पुलिस ने 18 मार्च से फरार वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की कथित तौर पर मदद करने के आरोप में एक वकील समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि वह एक बार फिर चकमा देने में कामयबा रहा। उधर, पकड़े गए लोगों में से दो कथित तौर पर जालंधर जिले के हैं और एक होशियारपुर के बाबक गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। इनमें से एक वकील है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी पर अभी चुप्पी साधी हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों अभी सीआईए की हिरासत में हैं। अमृतपाल सिंह और उसका सहयोगी पापलप्रीत सिंह 28 मार्च की रात मरनइयां गांव से फरार हो गये थे। इससे पहले 10 अप्रैल को राजपुर भैया गांव के दो भाइयों को इस संदेह में गिरफ्तार किया गया था कि उन्होंने भगोड़ों को शरण दी थी। वे पुलिस रिमांड में हैं। पापलप्रीत सिंह को पिछले हफ्ते होशियारपुर से गिरफ्तार किया गया था और उसे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## कार पर गिरा कोयले से भरा ट्रक, एक की मौत

**बलौदाबाजार 15 अप्रैल।** सिमगा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक की मौत हो गई. कोयला से भरा ट्रक कार के उपर गिरने से कार में सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई. कार मे तीन लोग सवार थे. सभी कोरबा से रायपुर जा रहे थे. तभी ये हादसा हो गया. यह घटना लिमतरा के रमेश ढाबा के पास की है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक, रास्ते में गाय आ जाने से ट्रक डाइवर उसे बचाने तेजी से काटा, इसी चक्कर में गाड़ी लहरा गई और बगल से गुजर रही कार पर जा गिरी. हादसे में कार में पीछे बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर लिमतरा चैकी व सिमगा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गई है. कार से मृतक को निकालने का प्रयास किया जा रहा. कार बिलासपुर की तरफ से आ रही थी. कार में तीन लोग सवार थे. सभी कोरबा से रायपुर जा रहे थे. पुलिस घटना की जांच में जुटी है।



## अगर केजरीवाल भ्रष्ट तो देश में कोई ईमानदार नहीं: केजरीवाल

■ नई दिल्ली 15 अप्रैल।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाले मामले में सीबीआई-ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई और ईडी को आज तक एक सबूत नहीं मिला। इसके बावजूद झूठ बोलकर सिसोदिया को फंसाया गया है। इस दौरान सीबीआई के समन के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने खुद ही अपना बचाव करते हुए कहा कि अगर केजरीवाल भ्रष्ट, तो देश में कोई ईमानदार नहीं।

अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई द्वारा तलब किए जाने पर कहा कि मैंने दिल्ली



विधानसभा में जिस दिन भ्रष्टाचार के खिलाफ बोला था, उसी दिन मैं जान गया था कि अगला नंबर मेरा होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में किसी भी पार्टी को आप की तरह निशाना नहीं बनाया गया। हमने लोगों में अच्छी शिक्षा की उम्मीद जताई है, वे इस उम्मीद को खत्म करना चाहते हैं।

दिल्ली के सीएम ने कहा कि कल सीबीआई ने मुझे बुलाया है और मैं निश्चित रूप से जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट हैं तो इस दुनिया में कोई भी ईमानदार नहीं है। अगर बीजेपी ने सीबीआई को मुझे गिरफ्तार करने का आदेश दिया है, तो जाहिर तौर पर सीबीआई उनके निर्देशों का पालन करेगी।

केजरीवाल ने दावा किया कि सीबीआई, ईडी ने आबकारी नीति मामले में अदालत में झूठे हलफनामे दायर किए, वे मनीष सिसोदिया और मेरे खिलाफ गवाही देने के लिए लोगों को प्रताड़ित कर रही हैं। ईडी, सीबीआई ने 100 करोड़ रुपये की घूस लेने का आरोप लगाया; उन्होंने 400 से अधिक छापे मारे, लेकिन यह राशि नहीं मिली। दिल्ली आबकारी नीति उत्कृष्ट थी, यह भ्रष्टाचार खत्म कर देती।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है और उनका मकसद भ्रष्टाचार की जांच कराना है ही नहीं।उनके नेता खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, यह बात भाजपा के ही नेता सत्यपाल मलिक ने ही एक इंटरव्यू में कही है।

वहीं, आप नेता ने कहा यह भी कहा कि झूठ बोलकर मनीष सिसोदिया को फंसाया गया है। मनीष सिसोदिया पर आरोप है कि उन्होंने अपने 14 फोन तोड़ दिए। फिर ईडी कह रही है कि उसमें से 4 फोन उनके पास हैं और सीबीआई कह रही है कि 1 फोन उनके पास है, अगर उन्होंने फोन तोड़े हैं तो उनके पास फोन कैसे आए। इन लोगों ने झूठ बोलकर केस बनाए और बोला कि शराब घोटाला हुआ है।

## हिंदी-अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी सीआरपीएफ की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

**नई दिल्ली 15 अप्रैल।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा आयोजित करने को मंजूरी दी है. ये ऐतिहासिक फैसला गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की पहल पर सीएपीएफ में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए लिया गया है. अब सीआरपीएफ भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलूगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी में तैयार किया जाएगा.

गृह मंत्रालय के इस फैसले के कारण लाखों उम्मीदवार अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा में हिस्सा ले सकेंगे. जिससे उनके चयन की संभावनाएं बढ़ेंगी. कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है. जिसमें देशभर से लाखों उम्मीदवार हिस्सा लेते हैं. हिन्दी और अंग्रेज़ी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा का आयोजन 1 जनवरी, 2024 से होगा. गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय, क्षत्रिय के उपयोग और विकास के प्रोत्साहन देने के लिए कटिबद्ध है।

## भारत में पहली बार नदी के नीचे दौड़ी मेट्रो

■ कोलकाता 15 अप्रैल।

मेट्रो ने इतिहास रचते हुए अपना पहला अंडरवाटर ट्रायल रन किया। यह तब है जब भारत में पहली बार एक नदी के नीचे एक सुरंग के माध्यम से मेट्रो ट्रेन दौड़ी। मेट्रो कोलकाता से हावड़ा तक हुगली नदी के नीचे चलती थी, अधिकारियों और इंजीनियरों के साथ हुगली से कोलकाता से हावड़ा तक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर रेल निगम की उपलब्धि को साझा करते हुए इसे भारत में सार्वजनिक परिवहन के लिए एक उत्साहजनक प्रवृत्ति कहा। पीएम ने मूल रूप से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पोस्ट किया गया एक वीडियो भी साझा किया। परीक्षण के बाद, अधिकारियों ने कहा कि कोलकाता में नागरिकों को आधुनिक परिवहन प्रदान करने के लिए पानी के नीचे मेट्रो एक क्रांतिकारी कदम था। ट्रायल के समय ट्रेन का एक और रैक भी उसी रास्ते से हावड़ा मैदान स्टेशन पहुंचा। उल्लेखनीय है कि कोलकाता मेट्रो (हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड स्टेशन) के अगले खंड का ट्रायल रन आनेवाले 5-7 महीनों में किया जाएगा, जिसके बाद मेट्रो की सेवाएं शुरू हो जाएंगी। हावड़ा मैदान



सतह से 33 मीटर नीचे देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टॉप होगा, एक बार यह खंड पूरी तरह से चालू हो जाएगा। नदी के नीचे सुरंग पानी की सतह के स्तर से 32 मीटर नीचे है, और मेट्रो को 45 सेकंड में हुगली के नीचे 520 मीटर की दूरी तय करने का अनुमान है। सियालदह और सेक्टर ङ्क स्टेशनों के बीच, ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर जो हावड़ा मैदान और साल्ट लेक सिटी के सूचना प्रौद्योगिकी कोर सेक्टर ङ्क को जोड़ता है, आंशिक रूप से काम कर रहा है। पूर्व-पश्चिम मेट्रो के 16.6 किमी में से 10.8 किमी भूमिगत हैं, हावड़ा मैदान और फूलबगान के बीच हुगली नदी के नीचे यात्रा करते हैं; शेष किलोमीटर एलिवेटेड हैं, ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर की ऑपरेटिंग कंपनी के साथ।

## क्रिप्टो पर वैश्विक कानून बनाने की मांग

**नई दिल्ली 15 अप्रैल।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के साथ विचार-मंथन सत्र के दौरान क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्यालय में मैक्रोफाइनेंशियल इम्प्लीकेशंस ऑफ क्रिप्टो एसेट्स शीर्षक वाला सत्र हुआ और इसमें वैश्विक विशेषज्ञों ने भाग लिया। सीतारमण ने जी20 देशों के वर्तमान वार्षिक अध्यक्ष के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अर्थव्यवस्था को नुकसान से बचाते हुए क्रिप्टो क्षेत्र को विनियमित करने के महत्व को चिन्हित किया। मंत्री ने क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित नीति और नियामक ढांचे के प्रमुख तत्वों को सामने लाने में आईएमएफ और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) के काम को स्वीकार किया। उन्होंने क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर विश्व स्तर पर समन्वित नीति प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल दिया। सीतारमण ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि समूह ने तत्परता के साथ इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है और जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, क्रिप्टो संपत्ति से संबंधित मामलों पर एक 'संश्लेषण पत्र' लाया जाएगा जो भिन्न विचारों की अभिव्यक्ति करेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जी20 के सदस्यों के बीच इस बात को लेकर आम सहमति है कि क्रिप्टो संपत्तियों पर कोई भी कार्रवाई वैश्विक होनी चाहिए।

### राज्य में खेल अलंकरण व उत्कृष्ट खिलाड़ी चयन में उदासीनता क्यों?

jasclaudius@gmail.com

## निष्ठुरता से छत्तीसगढ़ के खेल जगत में भूचाल

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद की महत्ता को देखते हुए परिवार के सदस्य अपने नन्हें-मुन्नों को खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उसके पश्चात आंगनबाड़ी से लेकर महाविद्यालय तक नौनिहालों को खेलकूद में भाग लेने की दिशा बताई जाती है। शासकीय तौर या फिर ओलंपिक संघ या खेल संघों की ओर से कम आयु में बालक/बालिकाओं का चयन के आधार पर विभिन्न खेलों के लिए किया जाता है। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा 26 खेलों को मान्यता दी गई है। छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के माध्यम से पुरातन, ग्रामीण खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन खेलों में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों के चयन से लेकर प्रशिक्षण फिर विभिन्न स्तर के प्रतियोगिताओं तक प्रतिभागियों को केंद्र, राज्य सरकार के खेल विभाग, शिक्षा विभाग आदि के द्वारा सहयोग दिया जाता है। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलंपिक या गैर ओलंपिक खेलों में प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किए जाने तथा लगातार पदक जीतने वालों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किए जाने का प्रावधान है। ऐसे खिलाड़ियों को शासकीय सेवा का अवसर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शासकीय सेवा दी जा रही है। परंतु 2019 के बाद ऐसा करने में खेल विभाग की तरफ से एक-दो उदाहरण को छोड़ दिया जाए तो ढिलाई हो रही है। इसकी वजह से



राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त विजेता खिलाड़ी और राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में भाग ले चुके खिलाड़ियों ने बवाल मचा दिया है। अनुशासन में रहकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का यह व्यवहार वस्तुतः छत्तीसगढ़ शासन के खेल विभाग की गतिविधियों के खिलाफ खुला भड़ास है। ताज्जुब की बात है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद सिर्फ एक ऐसा संचालक का पद है जिसमें पिछले चार वर्षों से कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन में किसी संचालक के लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने का कीर्तिमान वर्तमान खेल संचालक के नाम दर्ज है। लगातार चार वर्षों से पदस्थ रहते हुए छत्तीसगढ़ शासन की खेल नीति को अगर वह लागू नहीं कर सकी है तो यह छत्तीसगढ़ की खेल संभावनाओं के साथ कुठाराघात है। उच्च पद पर आसीन व्यक्ति को अपने दायित्व के प्रति ना सिर्फ गंभीर होना चाहिए बल्कि अधिनस्थ सहयोगियों और लाभ प्राप्त करने वालों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। एक खिलाड़ी का खेल जीवन 10 से 15 वर्ष से अधिक नहीं होता है। जो खिलाड़ी खेल अलंकरण समारोह के आयोजन या फिर उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित करने की मांग कर रहे हैं उनके बारे में वास्तविकता का पता लगाने से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि वे प्रतिभाशाली तो हैं परंतु अधिकांश आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं हैं उनके ऊपर पूरे परिवार की जिम्मेदार है। ऐसे वर्ग से आने वाले खिलाड़ियों के माता-पिता/अभिभावकों, उनके प्रशिक्षकों ने उन्हें राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक तैयार करने के लिए अपने जेब से पैसे लगाये हैं। कुछ खिलाड़ियों के पारिवारिक सदस्यों ने तो शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए और प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने के लिए दूसरों से आर्थिक मदद लिया है। दुर्भाग्य की बात है खेल की दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वाले हमारे खिलाड़ियों के प्रति प्रशासन द्वारा निष्ठुरता का व्यवहार किया जा रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ और खेल संघों की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। 21 मार्च 2023 के बाद 11 अप्रैल को फिर खिलाड़ियों को सड़क पर उतरना पड़ा। यह बेहद अफसोसजनक और पीड़ादायक है। जब मुख्यमंत्री स्वयं ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हैं तब इस समस्या का तुरंत हल निकाला जाना चाहिए।

## किसानों ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

■ रायपुर 15 अप्रैल।

नवा रायपुर के प्रभावित किसान एक बार फिर बड़े आंदोलन करने वाले हैं. डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर किसानों की बैठक हुई. मंत्री डॉ. शिव डहरिया से भी बात की. मंत्री ने 16-17 अप्रैल को मंत्री मंडलीय उप समिति के साथ चर्चा का आश्वासन दिया है. इसमें बात नहीं बनेगी तो किसानों द्वारा नवा रायपुर में 72 घंटे कर्फ्यू किया जाएगा. इस दौरान किसी को आने जाने नहीं दिया जाएगा.

मांगे पूरी नहीं होने पर 72 घंटे यानी तीन दिन तक नवा रायपुर को नो गो जोन बनाया जाएगा, जिसमें किसी को भी आने जाने की अनुमति नहीं होगी. मंत्रालय, डायरेक्टोरेट और पुलिस मुख्यालय सहित सभी दफ्तरों में भी कोई आ जा नहीं पाएगा. मॉल, दुकानें, कंस्ट्रक्शन के सारे काम बंद करा दिए जाएंगे. इस आंदोलन में नई राजधानी के प्रभावित किसानों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी



शामिल होंगे.

नवा रायपुर के किसानों का आरोप है कि राज्य सरकार ने जो आश्वासन दिया था, उसे अब तक पूरा नहीं किया है. मंत्री मंडलीय उप समिति बनाने का जो निर्णय था, वह भी छलावा साबित हुआ. अब तक मांगें पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए फिर से एकजुट होने का निर्णय लिया गया है.

नई राजधानी प्रभावित किसानों की कल बैठक के दौरान ही क्षेत्रीय विधायक और मंत्री मंडलीय उप समिति के सदस्य डॉ. शिव डहरिया को यह सूचना दी गई कि अपनी मांगों को लेकर किसान फिर आंदोलित हो रहे हैं. मंत्री ने उन्हें 16-17 तारीख को बैठक व चर्चा का आश्वासन दिया. हालांकि प्रभावित किसानों ने निर्णय लिया है कि 17 अप्रैल को राज्य सरकार को अल्टीमेटम पत्र सौंपा जाएगा. शासन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर 25 अप्रैल को बैठक होगी, जिसमें आंदोलन की तारीख तय की जाएगी।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए करें काम: मुख्यमंत्री

## बाबा साहब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर, 15अप्रैल।** डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिखाये रास्ते पर चलकर हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था की निरंतर मजबूती के लिए कार्य करना है। उनके जैसा संघर्ष विरले ही कर पाते हैं, लेकिन कोशिश हम सभी कर सकते हैं कि उनके मूल्यों पर चलकर उनके दिखाये रास्ते पर चलकर अपने लोकतंत्र को सुदृढ़ करने निरंतर काम कर सकें। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस आशय के विचार आज बुद्ध विहार सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर द्वारा स्थापित दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के सेक्टर-6 भिलाई में बुद्ध विहार में चल रहे निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए 25 लाख रुपए राशि देने की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में सबसे अच्छे आदर्शो को शामिल किया गया। बाबा साहेब अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन देश सेवा में समर्पित किया। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया, उसमें अंतिम व्यक्ति की आवाज भी सुनाई देती है और उसका असर होता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जो मंत्र दिया, उस रास्ते पर चलकर हमें देश को मजबूत करने की जरूरत है। बाबा साहब हमेशा संगठित होने और शिक्षा पर जोर देते थे। उनका कहना था कि एक शिक्षित राष्ट्र ही महानता की ओर बढ़ता है। भारत में अंग्रेजों की नीति फूट डालो और राज करो की थी। बाबा साहब ने इस बात को समझा और समाज को संगठित होने का संदेश दिया। आजाद भारत में हम इस उद्देश्य को लेकर आगे बढ़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए कार्य करना है। हमारे संविधान से ही हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती है। इसके लिए हमें काम करना है। उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने लगातार काम करें। बाबा साहब ने देश को लेकर जो सपने देखे, उन सपनों को मूर्त रूप देने के लिए निरंतर कार्य करते रहें। हमारे पुरखों ने जो आधुनिक भारत की नींव रखी उसे मजबूत इमारत बनाने का काम करें।

गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माता के रूप में देश को एक आदर्श संविधान दिया है। हमें निरंतर उनके दिखाये रास्ते पर चलना है। इस मौके पर विधायक श्री देवेंद्र यादव, महापौर श्री नीरज पाल, केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री राजेंद्र साहू, अंत्यावसायी निगम की उपाध्यक्ष सुश्री नीता लोधी, संभागायुक्त श्री महादेव कांवरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।

**एक नजर**

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 17 अप्रैल से 12 मई तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी एवं फरवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 17 अप्रैल 2023 से 12 मई 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 17 अप्रैल को बजरंगपुर वार्ड नं. 01 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में व महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, 18 अप्रैल को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व राम नगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में तथा 19 अप्रैल को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में व शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुये मास्क लगाकर, सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर को छसपा एवं संयुक्त किसान मोर्चा ने याद किया

**रायपुर 15 अप्रैल।** भारतीय संविधान निर्माण के प्रमुख डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता सर्वश्री जीपी चंद्राकर, अनिल दुबे, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लाला राम वर्मा, चेतन देवांगन, अशोक कश्यप, गोवर्धन वर्मा, योगेंद्र सोनबेर, इंजीनियर ताम्रकार अशोक, डॉ.पंचराम सोनी, गिरधारी सिंह ठाकुर, चंद्र प्रकाश साहू, विमल ताम्रकार आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया।

### जिनका कोई इतिहास नहीं वे इतिहास बदलने की हिमाकत न करें: रिजवी

**रायपुर 15 अप्रैल।** मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने कहा है कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की भारतीय इतिहास में मौजूदगी को विलोपित करने की मुहिम गैरवाजिब एवं निंदनीय हरकत है। मौलाना का उल्लेख वाले शब्दों को एनसीईआरटी की किताबों से भाजपा द्वारा हटाया जा रहा है। मौलाना आजाद इतिहास पुरूष हैं जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। देश की आजादी का इतिहास आजाद के बिना अधूरा है। यह भाजपा संघ की स्तरहीन मानसिकता का परिचायक है। मौलाना आजाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद की शोभा भी बढ़ा चुके हैं। आजाद की विद्वता एवं शिक्षा क्षेत्र में अकल्पनीय योगदान को न तो भाजपा समझ सकती और न ही संघ। भाजपा एवं आरएसएस में कांग्रेस के महान स्वतंत्रता सेनानियों के कद का कोई पूर्वज नहीं है जो भाजपा व संघ की कमतरी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। देश की वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को मौलाना आजाद की काबलियत से वंचित रखने का यह असफल प्रयास है। रिजवी ने कहा है कि एनसीईआरटी की किताबों से मौलाना के उल्लेख हटाने के पीछे भाजपा की साम्प्रदायिक सोच को उजागर करता है। भाजपा के पूर्वजों में भारत रत्न जैसे अलंकार से अलंकृत होने की काबलियत का अभाव है।

### कृष्णा ने नेट परीक्षा किया पास

**अंवरी 15 अप्रैल।** ग्राम कोलियारी के होनहार युवा कृष्णा कुमार साहू ने नेट की परीक्षा पास करली जिससे गांव में घर वा दोस्तो के बीच खुशी का माहौल है चर्चा में कृष्णा कुमार साहू ने बताया की 7 वी बार के प्रयास में यह सफ़लता मिली है कहा भी जाता है की लगन और मेहनत से किया गया हर कार्य सफ़लता की कहानी लिखती है कॉमर्स विषय में अपनी पढ़ाई पूरी कर तन्मयता से लगकर यह सफ़लता हासिल की है एक सामान्य कृषक परिवार से होते हुए भीकृषि कार्य में सहयोग करते करते पढ़ाई किया साथ में भखारा अंचल के विद्यार्थियों को ट्यूशन दिया और आज सफ़लता प्राप्त किया इसका श्रेय माता पिता, गुरुजन को दिया इस उपलब्धि पर डॉ प्रदीप जांगड़े सहायक प्राध्यापक,गोपाल साहू शिक्षक, डॉ राजु साहू, पंकज साहू वा मित्रजनों ने बधाई शुभकामनाए प्रेषित किया।



# गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने सामुदायिक सहभागिता से किए जा रहे प्रयास - कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, डॉक्टर, मितानिन तथा जनसामान्य से बच्चों के सुपोषण के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में गंभीर कुपोषण को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। सभी वर्गो के सहयोग से हम सफलता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। गंभीर कुपोषित बच्चों को मध्यम एवं सामान्य श्रेणी में लाने के लिए एक लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जिसमें जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, डॉक्टर, महिला स्वसहायता समूह, मितानिन तथा जनसामान्य सभी जुड़ रहे हैं। सभी के सहयोग से गंभीर कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए सुपोषण किट उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अतिरिक्त पोषण आहार से बच्चे बेहतर एवं प्रभावी स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। तीन माह में बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करना होगा। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी संस्थाओं व नागरिकों से कहा कि जिन बच्चों को गोद लिया गया है, उनके अभिभावकों को पोषण के लिए समझाईश दें तथा बच्चे के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करते रहें। समुदाय की ओर से जब कोई सकारात्मक बात कही जाती है, तो उसका असर गहरा होता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों से जुड़कर सुपोषण की जागरूकता के लिए तथा स्वच्छता के संबंध में बताएं। उन्होंने कहा कि बच्चे के परिवार से भेंट के दौरान बच्चे के सेहत की जानकारी ले। बच्चों के खान-पान, पौष्टिक आहार, भोजन की निगरानी, स्वच्छता के संबंध में बताए। गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रखकर उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा सकती है। स्मार्ट टीवी के माध्यम से सुपोषण के बारे में जनजागरूता लाने के लिए कहा। उन्होंने सभी से सुपोषण के संबंध में चर्चा की और इस दौरान सबने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए।



कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में 902 गंभीर कुपोषित बच्चे है। उनके सुपोषण के लिए लगातार सभी का सहयोग मिल रहा है और बच्चों को सुपोषण किट का वितरण किया जा रहा है। सुपोषण किट में बच्चों के लिए पोषण तत्वों से भरपूर मुर्रा लड्डू, घी-आटे की पंजीरी, चना-गुड़ उपलब्ध है। जिससे बच्चों को मध्यम या सामान्य की श्रेणी में लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट से बना हलवा, पौष्टिक आहार तथा शाम को 3.30 बजे से 4 बजे के मध्य सुपोषण किट दिया जा रहा है। ताकि उनके भोजन के बीच अंतराल न रहे। उद्याचल के श्री अशोक मोदी ने कहा कि बच्चों को केला एवं दूध भी पौष्टिक आहार के रूप में दिया जा सकता है। एबीस ग्रुप के प्रतिनिधि ने डोंगरगांव में सुपोषण किट देने के लिए सहमति जताई। माँ शीतला स्वसहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने चार बच्चों को गोद लिया है और सुपोषण किट दे रहे हैं तथा बच्चे के अभिभावक एवं उनके परिवार से भेंट कर सुपोषण के संबंध में समझाईश दे भी दे रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि वे स्थानीय लोगों से मिलकर पालकों को बता रहे हैं। साथ ही बच्चे के सेहत की जानकारी ले रहे हैं। इस दौरान सभी ने अपने अनुभव साझा किए। उल्लेखनीय है कि बच्चों को प्रोटीन युक्त पौष्टिक आहार देना बहुत जरूरी है।

पौष्टिक आहार से रोगप्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा बच्चे बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। समय-समय पर बच्चों के वजन एवं ऊंचाई की माप आंगनबाड़ी केन्द्रों में की जा रही है। जिले के 337 ग्राम पंचायतों में 902 गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए 902 सुपोषण किट की व्यवस्था की गई है। सुपोषण किट की व्यवस्था करने में 93 जनप्रतिनिधि, 51 सामाजिक संस्था, एनजीओ व उद्योग, 129 अधिकारी-कर्मचारी, 7 डॉक्टर, 30 शिक्षक, 147 महिला समूह, 8 राजीव मितान क्लब तथा 158 अन्य नागरिकों द्वारा सुपोषण किट दिया जा रहा है। इस अवसर पर उदयाचल के प्रतिनिधि श्री अशोक मोदी, एबीस के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाओं, समाज सेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, डॉक्टर, महिला स्वसहायता समूह, मितानिन तथा जनसामान्य उपस्थित थे।

### छिपली में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई



**नगरी 15 अप्रैल।** ग्राम छिपली में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का जन्म जयंती राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, नगरी के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद कुमार यादव के उपस्थिति में मनाया गया।सर्व प्रथम डॉ भीमराव अम्बेडकर जी एवं भारत माता की तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक वंदन किया गया। तत्पश्चात अंबेडकर जी के कार्यो को याद किया गया।अंबेडकर जी के जीवनी पर अतिथियों के द्वारा प्रकाश डाला गया जिसमें सिहावा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह जी भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी के मंत्री राजेंद्र गोलछा जी,नगर पंचायत नगरी के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार यादव ने उनके जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर कुकरेल मंडल के महामंत्री संजय मरकाम शांडिल्य,छिपली शक्ति केंद्र के प्रभारी गुरु प्रसाद साहू,बीरबल कोसरे नेंगीलाल नवरंग डोमार नवरंग अज्जू खवास बनवाली टंडन चैतू राम भारती नरोत्तम साहू हरक राम बोरझरिया जगमोहन बघेल मनीष खवाश मनीष बंजारे विकास निराला आदित्य खवास गोपेश नवरंग उमेंद्र नवरंग विशंभर बंजारे ईश्वर कुर्रे विरसिंग बंजारे पूरन जांगड़े फलेन्द नवरंग उमेश भारती अमृत सेवयी सतीश सेवयी श्रीमती देवयानी शर्मा बुधिया बाई लहरे हिरमोतिन साहू रंभा बाई टंकेश्वरी बिसेन कुमारी देव चंद्रिका बाई रात्रे दशरी बाई कांति बाई ध्रुव मंजू भेड़िया कुमारी देव सुरेखा देव अनसूइया सोन अनीता बिसेन एवं गांव के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नेशनल पोकर सीरीज में आयुष ने जीता कांस्य पदक खेल को प्रोफेशनल कॅरियर बनाने की है इच्छा

**दुर्ग 15 अप्रैल।** पोकर में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे छत्तीसगढ़ के दुर्ग में रहने वाले 26 वर्षीय आयुष सोलंकी नेशनल पोकर सर्किट में अपनी धाक जमाने में सफल रहे हैं। PokerBaazi.com पर सबसे प्रमुख टूर्नामेंट्स में से एक नेशनल पोकर सीरीज इंडिया के तीसरे संस्करण में कांस्य पदक जीतने के बाद उनकी योजना इस स्पोर्ट्स को फुल टाइम अपनाने की है। हालांकि, यह काफी चुनौतीपूर्ण अनुभव है। आयुष के बड़े भाई ने उन्हें इस खेल के दांवपेंच सिखाए थे। अब वह लगातार अपनी स्किल्स को निखार रहे हैं। नेशनल पोकर सीरीज में जीत हासिल करने के बाद आयुष ने कहा, ÷राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के बाद मैं इस स्पोर्ट्स को अपने फुलटाइम करियर के रूप में अपनाना चाहता हूं। मेरे भाई कई वर्षो से पोकर खेल रहे हैं और उन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव को मेरे साथ साझा कर मेरे लिए गाइड की भूमिका भी निभाई है। वह मुझे कोचिंग के साथ मदद भी दे रहे हैं। मैंने अनुभव किया है कि अपनी स्किल्स को बढ़ाने और अपनी रणनीति को आक्रामक बनाने में उनका मार्गदर्शन और फीडबैक अविश्वसनीय रूप से काफी मददगार रहा।



# जिला युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर ,अं-चौकी ने किया यंग इंडिया बोल सीजन- 3 के पोस्टर का विमोचन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 15 अप्रैल।** विश्राम गृह मोहला मे जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य संजय जैन व जिला प्रभारी नरेन्द्र वर्मा ,सहप्रभारी कुबेर वैष्णव की उपस्थिति में जिला युवा कांग्रेस मोहला-मानपुर, अं-चौकी के द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन - 3 प्रतियोगिता का पोस्ट विमोचन किया गया। नरेंद्र वर्मा ने यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। यंग इंडिया के बोल सीजन 3 में ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल2023 तक है यह कार्यक्रम समाज के हर वर्ग के युवाओं को समान मंच उपलब्ध कराता आ रहा है पूर्व में यंग इंडिया के बोल के माध्यम से संगठन में जुड़े युवा राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और संगठन की बातें रखने का मौका मिल रहा है। यंग इंडिया के बोल सीजन 2 के सह प्रभारी कुबेर वैष्णव ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल, जिलाउपाध्यक्ष अजय राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष खुज्जी देव पेन्दरो,विधानसभा अध्यक्ष मोहला -मानपुर नितिन लोन्हरे, उपाध्यक्ष सदांनन्द शेण्डे, युवा नेता रिशभ ठाकुर, मोन्टु सिन्हा,राकेश सिन्हा,सोहेल खांन, आरिफ खां,राकेश बेरला ,देवा सारथी,आनंद नायक राहुल,सुधीर युवा साथी उपस्थिति थे।



### महिला का गर्भपात कराने के मामले में आरोपिया की गिरफ्तारी

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 92/2023 धारा 376,376(2)एन, 313 भादवि तथा 3(2)ड्क्क एक्ट्रोसिटी एक्ट में नाम दर्ज महिला आरोपिया जिसने गर्भवती पीड़िता का उसकी मर्जी के बिना गर्भपात कराया था कि गिरफ्तारी दिनांक 14.04.2023 को 08/00 गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया। अन्य नामजद आरोपी की पतासाजी की जा रही है। थाना बसंतपुर में 03 असामाजिक तत्वों 01. राहुल सिंह राजपूत पिता स्व0 भगत सिंह राजपूत उम्र 24 साल साकिन ब्राम्हणपारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव 02. रवि सिंह राजपूत पिता स्व0 जगदीश राजपूत उम्र 29 साल 03. मुन्ना उर्फ गोलू पिता स्व0 जगदीश राजपूत उम्र 38 साल साकिनान इंदिरा नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव जो मोहल्ले में झगड़ा लड़ाई कर मारपीट पर अमादा होकर माहौल खराब करने वाले 03 असामाजिक तत्वों को धारा 151 जाफौ में गिरफ्तार कर धारा 107,116(3) जाफौ के तहत प्रतिबंधित करने माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया है। इसी प्रकार थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 165/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी बरसन लहरे निवासी कौरिनभाठा के कब्जे से दिनांक 13.04.2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि कौरिनभाठा में ग्रीन हाईट के सामने पानठेला के पास अवैध शराब बिक्री करने हेतु एक व्यक्ति शराब रखा हुआ था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन मदिरा मात्रा 6.480 बल्क लीटर कीमती 2880 रूपये जप्त किया गया। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी बरसन लहरे पिता स्व0 देवराम लहरे उम्र 45 साल साकिन कौरिनभाठा जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को रिमांड में भेजा गया है।

### रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने पेश की 'निश्चित भविष्य' योजना

**रायपुर 15 अप्रैल।** भारत की सबसे विश्वसनीय और अग्रणी निजी जीवन बीमाकर्ता कंपनियों में से एक, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपनी बिलकुल नई योजना, रिलायंस निप्पॉन लाइफ निश्चित भविष्य लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, लाभ-रहित, व्यक्तिगत, बचत जीवन बीमा योजना है जो वृद्धिशील आय लाभ के साथ गारंटीड टैक्स-फ्री रिटर्न्सस मुहैया करती है। इस उत्पाद की संरचना की उत्पत्ति कंपनी के आतंरिक अनुसंधान से हुई है, जो परिवारों में महँगाई की बेहतर समझ को उजागर करता है। आय की रूपरेखा इस भावना का अच्छी तरह ध्यान रखती है और दीर्घकालीन वृद्धिशील आमदनी की ज़रुरत का समाधान करती है। यह समाधान अवकाश-ग्रहण करने वालों, लघु व्यवसाय के मालिकों, युवा वेतनभोगी ग्राहकों सहित व्यावसायिक आमदनी या रोजगार चक्रों में अस्थिरता पर काबू पाने के इच्छुक लोगों के विभिन्न वर्गो की विविध ज़रूरतों को पूरा करता है।



# गुरूद्वारा के पास इंटरलाकिंग कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** शहर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा 51 वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, विकास कार्य के तहत गुरूद्वारा के पास महापौर निधि अंतर्गत स्वीकृत 3.40 लाख रूपये की लागत से इंटरलाकिंग कार्य कराया जाना है, जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सिक्ख समाज के लोगों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य र्सश्री संतोष पिल्ले, सतीश मसीह, गणेश पवार,नामांकित पार्षद श्री राजा गुप्ता,पूर्व पार्षद श्री मोहन सिंह ढल्ला, गुरूसिंग सभा के सचिव श्री यशपाल सिंह भाटिया समाज के श्री रूबी गरचा, श्री बलविंदर सिंह भाटिया, श्री राजवीर सिंह, श्री गब्बू बग्गा, श्री कुलदीप खनूजा विशेष रूप से उपस्थिति थे। भूमिपूजन के पूर्व सिंक्ख समाज के लोगों ने महापौर सहित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि आज बैसाखी के शुभ अवसर पर गुरूद्वारा के पास इंटरलाकिंग कार्य करने भूमिपूजन किया जा रहा है। इंटरलाकिंग हो जाने से आवागमन में सुविधा के साथ साथ गुरूद्वारा के पास सुंदरता भी बढ जायेगी। उन्होंने कहा कि इस गुरूद्वारा की जो भव्यता एवं सुंदरता है, वो प्रदेश में कही नहीं है। इसकी सुंदरता से संस्कारधानी की अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि सिक्ख समुदाय सेवाभावी संस्था है, जो हर कार्य में आगे रहती है, आप सभी को बैसाखी की शुभकामनाए देते हुये समाज के उत्तरोत्तर प्रगति की गुरूनानक देव से कामना करती हॅू। इस अवसर पर उप अभियंता श्री अशोक देवांगन सहित सिक्ख समाज के लोग उपस्थित थे।



### आंबेडकर के कार्यो को प्रधानमंत्री पूरा कर रहे: सोनी

**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह की गोष्ठी को संबोधित करते हुये सांसद सुनील सोनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने वंचित वर्ग और देश के लिये कठिन संघर्ष किया। उनके संघर्षो को याद करते हुये श्री सोनी ने कहा कि उन्होने अपना सारा जीवन वंचित वर्गो की शिक्षा के लिये लगा दिया। वे चाहते थे पूरा वर्ग शिक्षित बनकर सशक्त हो, और अपने अधिकारों को जानने लगें। उन्होनें कहा कि राष्ट्र को लेकर उनकी अवधारणा स्पष्ट और खुली हुई थी।



**राजनांदगांव 15 अप्रैल।** आज सामाजिक न्याय पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव के भाजपा कार्यालय व बौद्ध समाज के भवन में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन दर्शन पर रायपुर के लोकसभा सांसद श्री सुनील सोनी जी ने संबोधित किया।

# समय पर उपचार से दो साल के बच्चे की बची आँखों की रौशनी

**रायपुर 15 अप्रैल।** रायपुर निवासी दो वर्षिये दिव्यांश राठौर खेलते-खेलते आँखों में रिमोट कार का तार फंसा बैठा। रात 11 बजे श्री गणेश विनायक ऑय हॉस्पिटल में समय पर इलाज मिलने पर , केवल तार उसकी पलक को नुकसान पंहुचा पाया। डॉ चारुदत्त कलमकर और डॉ श्रीनिवास ने समय रहते बड़ी ही सावधानी और धैर्यता के साथ बच्चे का इलाज सफलतापूर्वक करा।

डॉ चारुदत्त कलमकार ने बताया ÷ तार लगने से आँखों के अंदर के नेत्र गोलक और अंदर की सतहों को खतरा था, जिसकी वजह से आँखों की रौशनी पर असर हो सकता था. समय पर उसको निकाल कर बच्चे को सात दिनों के लिए दवा पर रखा गया। अभी वो पूर्ण रूप से ठीक है। माता पिता से अपील करना चाहूंगा की जब बच्चों खेले उन्हें निगरानी में रखें। कोई भी नुकीली चीज उनको खेलने के लिए नहीं दें। आगे गर्मियों की छुट्टियां हैं , हमे कई बार ऐसे हादसे देखने को मिलते हैं जहाँ बच्चो ने अनजाने में आँखों को काफी नुकसान पंहुचा लिया होता है। कई बार आँखों में पेंसिल या पेन की नोक लगने से भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अगर बच्चों की आँखों में कुछ भी लगता है और आप उसकी आँखों से कोई द्रव या खून निकलता देखते हैं , आँखों के आस पास लाली या सूजन दिखता है , देखने में दिक्कत और दर्द है तो आपको नेत्र रोग विशेषज्ञ से तुरंत संपर्क करना चाहिए। कुछ घंटो की देरी से अधिक नुकसान हो सकता है। ÷ऐसा डॉ चारुदत्त ने बताया।



### भैसबोड़ में मनाया गया भीमराव अम्बेडकर की जयंती

**अंवरी 15 अप्रैल।** सरपंच श्रीमती मिनेश्वरी दिलीप साहू ने भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को 14 अप्रैल को उनकी जयंती पर नमन किये । श्रीमती साहू ने डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाई। संविधान की रचना के लिए तैयार प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वशाली गणतंत्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे कमजोर जटिल, जटिल, विस्तृत और महिलाओं के आवंटन के लिए संविधान में कई प्रावधान किए गए हैं। बाबा साहब ने छुआछूत का मुखरता से विरोध किया, जिससे सामाजिक सुधार की दिशा में भारतीय समाज आगे बढ़ा सका। देश के लिए बाबा साहब का योगदान है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं पंच श्री दिलीप साहू जी, पंच श्री ईश्वर साहू जी, श्री रवि साहू मेट, श्री नागेश साहू,श्री कृष्णकुमार साहू पंचायत सेवक, श्रीमती टेमिन साहू, श्रीमती माधुरी साहू, श्रीमती पीहू साहू, श्रीमती वंदना साहू आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### विस्फोटक के साथ भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य गिरफ्तार



बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य मीनू ऊर्फ मनोज एवं अन्य के उपस्थित होने की सूचना पर थाना जांगला से निरीक्षक धरमा राम तिर्की के हमराह जिला बल एवं केरिपु 222 की संयुक्त टीम फुल्लोड की ओर निकली थी । मुखबीर की सूचना पर थाना जांगला एवं केरिपु 222 की संयुक्त टीम द्वारा कोण्ड्रोजी, फुल्लोड की अरे रवाना हुए , फुल्लोड पटेलपारा पहुचने पर पुलिस पार्टी को देख 04-05 लोग भागने लगे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर 01 व्यक्ति को पकड़ा गया । जिससे पुछताछ पर मीनू कलमू ऊर्फ कलमूमी मनोज उर्फ डेंगा लच्छु उम्र 40 वर्ष निवासी स्कूलपारा पल्लेवाया एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य होना बताया । जिस पर छत्तीसगढ़ शासन की ?र से 5.00 लाख का इनाम है घोषित। पकडे गए माओवादी के कब्जे से डेटोनेटर बरामद किया गया । अन्य 04 लोग जो सामान छोड़कर भाग खड़े हुए, थैला की चेकिंग पर 10 नग जिलेटिन, 05 नग डेटोनेटर, 05 मीटर कार्डेक्स वायर, 03 नग इलेक्ट्रिक स्वीच, 100 मीटर इलेक्ट्रिक तार, हरा रंग का सेफ्टी फ्यूज 07 मीटर एवं छूरी मेमोरंडम कथन से बरामद किया गया । पकड़ा गया माओवादी मीनू ऊर्फ मनोज दिनांक 22-12-2009 को थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत पल्लेवाया-पुन्नेड के बीच जंगल में पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल, दिनांक 14-04-2012 को हल्लूर निवासी पोयामी बोमड़ा की अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल, थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत माह दिसम्बर 2022 को कोतरापाल निवासी मनीराम की हत्या में शामिल, माह अप्रेल 2023 को धुसावड़ के ग्रामीण रामलाल पोयाम की हत्या में शामिल, माह फरवरी 2023 में दंतेवड़ा के हवलदार की हत्या में शामिल था ।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

### बाबा साहेब का बनाया संविधान हमारा मार्गदर्शक:सांसद



**महासमुंद।** स्थानीय बौद्ध विहार स्थित आंबेडकर भवन में बौद्ध समाज व बौद्ध अनुयायियों द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राजू बाघमारे, संदीप दीवान, शंकर नंदेश्वर बौद्ध महासभा अध्यक्ष, संरक्षक पीजी बंसोड़ उपस्थित थे। इस दौरान समस्त अतिथियों व समाज जनों ने बाबा साहेब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि आज हम सब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद कर रहे हैं। भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक जीवन में व्यापक परिवर्तन करने के लिए समाज को एक दिशा दी। बाबा साहब का विचार था देश में सामाजिक और आर्थिक समानता हो। बाबा साहेब ने भारत का जो संविधान बनाया वह संविधान आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक है। इस संविधान के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और सशक्त, मजबूत हुआ है। यह संविधान की ताकत है कि बाबा साहब ने कहा था कि देश के अंदर लोकतंत्र तब होगा जब जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन होगा ।उन्होंने समाज की एकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक समाज में आपसी एकता व भाईचारे का भाव होना चाहिए। बौद्ध समाज हेतु लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर के कार्यकाल में बने मांगलिक भवन के लिए उन्होंने श्री चंद्राकर को बधाई दी तथा बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर समाजजनों की मांग पर सांसद श्री साहू ने बौद्ध विहार परिसर के जीर्णोद्धार मरम्मत कार्य हेतु 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की।

# वन विभाग की सक्रियता से चीतल मांस, खाल व खाना बनाने के सामान व हथियार जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 15 अप्रैल।** मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त, रायपुर जे. आर. नायक के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी गरियाबंद मणिवासगन एस. के निर्देशन में वन अपराधों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण करने के निर्देशों के परिपालन में उप वनमंडलाधिकारी राजिम मनोज कुमार चन्द्राकर के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र छुरा अंतर्गत दिनांक 13.04.2023 की सायं मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर चरौदा परिसर का रात्रि गश्त दौरान रात्रि लगभग 10 बजे वन कक्ष क्रमांक 185 आरक्षित वन क्षेत्र में छान-बीन एवं गश्ती करते हुए जंगल के भीतर गये जहां पर मध्य जंगल में कुछ लोगों का आहट सुनाई दिया, करीब जाकर देखने से अज्ञात लोगों द्वारा संदिग्ध कार्य किया जाना प्रतीत हो रहा था । तदोपरांत टीम द्वारा चालाकी एवं सूझबूझ से संदिग्ध स्थल को चारो ओर से घेरा बंदी कर पकड़ा गया इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ लोग मौका स्थल से फरार होने में सफल हो गये किन्तु चार आरोपी क्रमशः टीभू व घासिराम जाति गोंड़, उम्र 48 वर्ष ग्राम - मोंगरा (डुमरपारा), थाना - छुरा, जिला - गरियाबंद (छ.ग.) 2. संतराम व गैंदो राम जाति गोंड़, उम्र 37 वर्ष ग्राम ज़ मोंगरा (खैरभांड़ी), थाना - छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) 3. पदमन व. परस राम जाति गोंड़, उम्र 28 वर्ष ग्राम मोंगरा (खैरभांडी), थाना - छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) 4. रजमन व. जामधर जाति गोंड़, उम्र 19 वर्ष - ग्राम - मोंगरा (खैरभांड़ी), थाना - छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) को सुरक्षित पकड़कर पूछ-ताछ किया गया। आरोपियों द्वारा 01 नग नर चीतल को दौड़ाकर लाठी डंडे से मारना स्वीकार किया है। जिसे वन अधिनियम 1927 की धारा 26 ( 1 ) झ 52 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09 सहपठित (2), 39,50,51, 52 के तहत गिरफ्तार कर वन अपराध प्रकरण (अवैध शिकार) पी.ओ. आर. क्रमांक 11893/09 दिनांक 14.04.2023 पंजीबध्द कर वन अपराध प्रकरण कायम किया एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम कि धारा 2 एवं 3 के तहत् कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

1 इस कार्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा सुयश धर दीवान, परिक्षेत्र सहायक चरौदा मोहन लाल यदु, परिसर रक्षक नागिनबाहरा देवराम साहू, परिसर रक्षक चरौदा ईशु जोशी,परिसर रक्षक रसेला एवं कनसिंघी पुरुषोत्तम धुर्वा, अध्यक्ष संयुक्त वन प्रबंधन समिति मोंगरा रामचंन्द्र नायक एवं दैनिक श्रमिक श्री तुलस यादव की सराहनीय भूमिका रही ।अपराधियों को न्यायायिक अभिरक्षा में रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है।

# पानी के लिय भटक रहे हिरण का शिकार वन विभाग ने चार लोगों का पकड़ा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/छुरा, 15 अप्रैल।** सिमटते जंगल और अवैध शिकार के बीच एक बार फिर ग्रामीणों ने जंगल की शोभा बढ़ाने वाले जीव जंतु को अपने स्वार्थ के लिए मौत के घाट उतारने में। लगे हुए हैं।ऐसा ही एक मामला वन परिक्षेत्र छुरा के चरौदा बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 185 आरक्षित वन अंतर्गत खैरभांड़ी के जंगल में एक चीतल का शिकार किया गया है ।चीतल जब भीषण गर्मी में पानी की तलाश भटक रहा था तो । गांव के चार ग्रामीणों ने मांस खाने के लालच में हिरण का शिकार कर ये चारो ग्रामीण शिकार किय हिरण का मांस को आपस में बराबर बराबर हिस्सा में बाटने के लिए काट रहे थे ।इसी बीच वन परिक्षेत्र के अधिकारियों को मुखबिर के माध्यम से पता चला हिरण का शिकार कर कुछ लोग जंगल में हिरण का मांस काट रहे है। सूचना पर चरौदा बिट सहित छुरा के परिक्षेत्र अधिकारी को घटना का पता चला और आरोपियों को पकड़ने के योजना बनाई और मौके पर दबिश देकर विभाग के टीम ने रंगे हाथों आरोपियों को पकड़ा । बताया जा रहा है की मृत मादा हिरण लगभग 55 किलो के आसपास का था । मृत चीतल को पशु चिकित्सा विभाग के डाक्टरों के द्वारा पोस्टमार्टम कर छुरा स्थित पत्ता गोदाम के प्रांगण में वन विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में चीतल के शव का दाह संस्कार किया गया। इसी क्रम में अभी गरियाबंद ब्लाक के ग्राम कोपेकसा में पिछले दो दिन पहले तीन लोगों को तेंदुआ के खाल के साथ गिरफ्तार किया गया था। पर अंदुरूनी जंगल में इस तरह के अवैध शिकार बहुत फल फूल रहा है ।समय रहते अगर विभाग बड़ी कार्यवाही नहीं करेंगे तो धीरे धीरे ये जंगल सुंदर।जीव जंतु नष्ट हो जायेंगे पर हार बार की तरह छोटे शिकारी ही हाथ लगते जिस दिन वन मंडल गरियाबंद के अधिकारी बंदूक धारी बड़े शिकारी को रंगे हाथों पकड़ेंगे उस दिन विभाग के लिए यह बड़ा कार्य होगा ।पर पहुंच वाले रसूख वाले शिकारियों तक विभाग के हाथ नही पहुंच पा रहा है । वहीं चारों ग्रामीणों को वन्यजीव प्राणी संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिमांड पर लिया गया है। और आगे कार्यवाही करने की बात सामने आ रही है।

## आपसी बंधुत्व व भाईचारे का संदेश देने युकां ने की पदयात्रा




**महासमुंद, 15 अप्रैल।** युवा कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रम वॉक फॉर डेमोक्रेसी के तहत आज जिला मुख्यालय में युकां जनों शाम 4 बजे वॉक फॉर डेमोक्रेसी (संविधान बचाओ पदयात्रा) का आयोजन किया। इस दौरान जिले के युकां प्रभारी व प्रदेश महासचिव आदिल आलम खैरानी और प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू शामिल हुए। महासमुंद युवा कांग्रेस जिला स्तरीय मासिक बैठक आहूत की गई बैठक में विभिन्न एजेंडों पर विचार विमर्श किया गया ।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी पलक वर्मा, सहप्रभारी इकबाल ग्रेवाल, सहप्रभारी प्रियंका सारसर एवं छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार बादल मक्कड़ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आज 4 बजे नगर में वॉक फॉर डेमोक्रेसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में जिले के समस्त विधानसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। समस्त पदाधिकारियों व युकां जनों ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पश्चात, वॉक फॉर डेमोक्रेसी के तहत नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान लोगों को स्वतंत्र, समता व बंधुत्वयुक्त तथा आपसी एकता व भाईचारे के साथ रहने संदेश दिया गया।कार्यक्रम में। सौरभ लोधी,अमन चंद्राकार, ताम्रध्वज बघेल,पंकज पिसी,यूराज ठाकुर,ऋषभ चंद्राकर, कुणाल सिंह,अक्षय साकरकर, शुभम भाग, ललित निषाद, टीकम साहू,युवराज साहू, नचिकेत शर्मा,गोपाल साहू,रोशन सर्वा, उत्कृरिस्ट घृतलहरे, कुणाल ठाकुर,गगन साहू,तुषार साहू,अनिल यादव सहित जिले भर के युकां जन बड़ी

## कमार-भुजिया वर्ग के 10 शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी



**महासमुंद, 15 अप्रैल।** महासमुंद ज़िले के कमार/भुंजिया वर्ग के लोग आज मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से मिले और उन्होंने जनजाति के शिक्षित पात्र युवाओं को सरकारी नियुक्ति देने का अनुरोध किया। इस मौके पर संसदीय सचिव व विधायक श्री विनोद चंद्राकर ने भी नियुक्ति देने की मुख्य मंत्री से पहल की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कलेक्टर महासमुंद ने संबंधित विभाग में रिक्त पदों पर कमार/भुंजिया वर्ग के पात्र युवाओं तत्काल नियुक्ति आदेश जारी करने कहा। सहायक आयुक्त आदिमजाति विकास और ज़िला शिक्षा अधिकारी ने 10 शिक्षित पात्र युवाओं को नियमित चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। इनमें तीन महिला और युवक शामिल है। इनमें तीन महिलाओं को आदिवासी विकास विभाग और पुरुषों की शिक्षा विभाग में नियुक्ति की गयी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन सभी नियुक्त लोगों को नियुक्त किए गए विभाग में 10 दिवस के भीतर उपस्थित देनी होगी।

# सद्भावान रैली और आम सभा का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 15 अप्रैल।** शिक्षित, संगठित और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के डॉ भीमराव अम्बेडकर के सूत्र वाक्य को आत्मसात करने के आव्हान के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती इंदिरा गांधी सांस्कृतिक मैदान में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुवात बाइक रैली निकाल कर की गई। बाइक रैली मुख्य मार्ग से गुजरते हुए नए बस स्टैंड में स्थित डॉ बीआर अंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंची। जहां समाज प्रमुखों द्वारा दीप जलाकर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उत्साही युवाओं द्वारा यहां सामूहिक नृत्य किया गया। जिसके बाद वापस बाइक रैली मुख्य समरोह स्थल पर पहुंची। इंदिरा गांधी सांस्कृतिक मैदान में बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक और बविप्रा के उपाध्यक्ष श्री विक्रम मंडावी ने कहा कि आज हमने जो मुकाम हासिल किया है वह बाबा साहब की देन है। स्वतंत्र भारत में देश का संविधान बनाने, कानून बनाने और सभी को समान हक देने के लिए बाबा साहब हमेशा याद किए जायेंगे। बाबा साहब ने शोषित, पीड़ित, दलित और महिलाओं सहित सभी वर्गो, धर्मो के लिए समान अधिकार दिए।आज यह बड़े गर्व की बात है की बाबा साहब की जयंती सभी समाज मिल कर मना रहे हैं। बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की दिशा के सर्व समाज प्रयासरत है जिसके लिए बधाई देता हूं। बाबा साहब के मूल वाक्य शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो में सभी वर्गो का हित निहित है। आमसभा में सभी वक्ताओं ने शिक्षित होने और संगठित होने पर बल दिया। कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर डीईओ श्री बीआर बघेल ने कहा की आज भी यह इलाका शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा है। महिला साक्षरता का दर भी काफी कम है। आज सभी अपने बच्चों सहित आसपास के बच्चों को स्कूल भेजने का प्रण लें। कार्यक्रम को सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष श्री अशोक तलांडी, डॉ नारायण झाड़ी, श्री कमलदास झाड़ी, श्री मनीष सोनवानी, श्री अमित कोरसा श्री कैलाश रामटेके,सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहुर रावतिया,बीज निगम के सदस्य श्री इम्तियाज खान, राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री प्रवीण डोंगरे,श्री लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव,सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू, श्री गुज्जा राम पवार,श्री कमलेश पैंकरा, श्री इतवारी साय, श्रीमती जमुना सकनी, सहदेव निषाद, श्री जितेंद्र कोंड्रा, श्री एम. बसंत,श्री रामचंद्रम एरोला, श्री राकेश गिरी, श्री अंगनपल्ली बसमैया, श्री सुशील हेमला, श्री बृजलाल पुजारी, श्री पोचेराम भगत, श्री मनोज कावटी, सहित 19 विभिन्न समाज के प्रतिनिधि व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत

शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक श्री विक्रम मंडावी ने पुरस्कृत किया। बीजापुर अंचल तोयनार की डॉ सृष्टि कटला, भोपालपट्टनम से डॉ आसिफा खान, ताकीलोड से डॉ प्रीति भवानी, आदिविष्णु नक्का, अंशिका विश्वकर्मा 10वीं में जिले में प्रथम, नंदनी शर्मा , प्रचेता राजपूत, साक्षी गुप्ता 12 वीं में जिले में प्रथम, आयुषी मिश्रा और मानशवी कोंड्रा को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### मुरदण्डा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जंयती

**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मूरदण्डा महार समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी सर्वप्रथम बाबा साहब जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर नमन किए एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गयाजिला पंचायत उपाध्यक्ष जी के द्वारा बुजुर्गों का सम्मान किया गया गमछा साल भेंट कर बुजुर्गों के नाम दुर्गा चापडी , चंद्रया झाड़ी, एल आर चापडी , दुर्गम समैया,चापडी रमन्ना, श्रीमती कांतामवी, लक्ष्मी झाड़ी जी वेक्यम्मा चापडी , गौरम्मा मुलगेलजी एवं अन्य लोगों सामान किया इस दौरान विशाल बाइक रैली का आयोजन हुआ मूरदण्डा से होते हुए आवापल्ली से गांधी चौक तक बाइक रैली निकाल कर जय भीम, के नारे एवं बाबा साहब जिंदाबाद के नारे लगाए एवं हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब जी की जयंती मनाया गयाइस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा जी, विधायक प्रतिनिधि श्री मनोज आवलम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीनिवास जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री राजेश वासम,वीरेंद्र वासम , श्रीमती रत्ना सोढी, सरपंच मीनाक्षी नोल्ली, जनपद सदस्य शंकरैय माड़वी जनप्रतिनिधि गण ( महार समाज के प्रमुख ) के के चापडी जी, देवेंद्र चापडी जी, श्री रूद्रप्रताप झाड़ी जी, श्री सोहन दुर्गम, श्री विष्णु शंकर चापडी जी, श्री जयमूर्ति चापडी जी, (आदिवासी समाज के प्रमुख ) काका नारायण जी, श्री सतीश बरसे जी, श्री काका पापैया जी , बोडाके नागेश (कलार समाज के प्रमुख ) श्री के रत्नम जी एवं कार्यक्रम संचालन श्री अनिल झाड़ी जी, श्रीमती प्रभारानी बुरका जी,श्री पूर्णचंद बेहरा जी अधिकारी कर्मचारी, सभी समाज के समाज प्रमुख एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### आवापल्ली में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित

**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आवापल्ली मुख्यालय में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय श्री कमलेश कारम जी ने भारत रत्न संविधान रचयिता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर आवापल्ली हाई स्कूल चौक पर पूरे विधि विधान के साथ प्रतिमा स्थापित कर माल्यार्पण करते हुए जय भीम के नारे एवं बाबा साहब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाबा साहब को नमन किया गया इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा जी, विधायक प्रतिनिधि श्री मनोज आवलम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीनिवास जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री राजेश वासम,वीरेंद्र वासम , श्रीमती रत्ना सोढी, सरपंच मीनाक्षी नोल्ली, जनपद सदस्य शंकरैय माड़वी जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी, सभी समाज के समाज प्रमुख एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### भारत रत्न अम्बेडकर की जंयती पर समारोह का आयोजन

**बीजापुर, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पोर्टाकेबिन तोयनार एवं ग्रामवासियों के द्वारा दिनाँक 14/04/2023 को देश के महापुरुष भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकरजी की 132 जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया ।जिसमे जन प्रतिनिधियों ,ग्रामवासियों,कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं में हर्ष का वातावरण देखने को मिला ।पोर्टाकेबिन के बच्चों ,अनुदेशकों एवं अधीक्षक द्वारा भीम गीत के धुन पर प्रतिमा तक रैली का आयोजन कर बाबा साहेब के द्वारा देश के लिए किए गए योगदानों का संदेश दिया गया ।इस दौरान थाना प्रभारी,कर्मचारियों द्वारा हर्ष के साथ रैली पर फूल बरसाया गया। ।इसके पश्चात जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य ,स्थानीय थाना प्रभारी ,ग्राम के सरपंच ,उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा श्रीमती उद्दे ने अपने संबोधन में बाबा साहेबजी को व्यक्तित्व के बहुमुखी विशेषताओं का अद्भुत संगम बताया ।वहीं श्री इक़बाल खान अधीक्षक पो.के.तोयनार द्वारा अपने संबोधन में गाँव वासियों एवं बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अम्बेडकर जयंती हम सब भारतवासियों को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए यदि हम उनके योगदानों का स्मरण न करें तो हमारे वर्तमान अस्तित्व की पहचान कैसे मिली, हम आने वाले पीढ़ी तक कैसे पहुँचा सकेंगे।



## दिवंगत भुनेश्वर साहू को सांसद चुन्नीलाल साहू ने दी श्रद्धांजलि

# राजिम त्रिवेणी संगम में किया गया भुनेश्वर साहू का अस्थि विसर्जन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 15 अप्रैल।** कल शुक्रवार हो प्रातः 11:00 बेमेतरा जिला के बीरमपुर ग्राम के साहू समाज के युवा भुनेश्वर साहू जिनका जिहादियों द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया था उनका अस्थि लेकर भुनेश्वर साहू के दादा दादू राम साहू छोटे भाई कृष्णा साहू बेमेतरा से डॉ डोशन साहू श्रीमती सीमा साहू मोंटी साहू निखिल साहू प्राणित रजक एवं परिजन राजिम पहुंचे ।पंडित श्यामाचरण चौक में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू के नेतृत्व में एवं विश्व हिंदू परिषद के मोंटू दूबे बजरंग दल के यानेंद्र सिन्हा के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के अस्थि में पुष्प वर्षा कर भुनेश्वर साहू अमर रहे तथा मुनेश्वर साहू को न्याय दो एवं हत्यारों को फांसी देने की मांग के साथ अस्थि विसर्जन पिण्डदान स्थल तक पैदल गए अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू संरक्षक डॉ रामकुमार साहू डॉ महेंद्र साहू रतिराम साहू जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू चंद्रशेखर साहू भाजपा नेता जितेंद्र राजू सोनकर नगरपालिका नयापारा के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल पूर्व पार्षद परदेशी राम साहू किशोर देवांगन धीरज साहू महामंत्री रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव लोकनाथ साहू श्याम साहू संयुक्त सचिव टीकम साहू राजू साहू तरुण साहू विष्णु साहू नगर अध्यक्ष भवानी शंकर साहू ईश्वरी साहू पूर्व महामंत्री डॉ दिलीप साहू बालाराम साहू सोहन साहू सुरेश साहू किसान नेता संजीव चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि रीकेश साहू विश्व हिंदू परिषद के मोंटू दुबे ज्ञानेंद्र सिन्हा निखिल यादव आकाश राजपूत लल्ला सोनकर बजरंग दल के जिला संयोजक कैलाश कंदरा लल्ला सोनकर हरीश सोनकर दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू पहलाद साहू एवं साहू समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित थे उपस्थित लोगों ने भुनेश्वर साहू के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य शांतिप्रिय प्रदेश है यहां इस प्रकार के जिहादियों के द्वारा मासूम लोगों की निर्मम हत्या कर रहे हैं जो कि निंदनीय है और साहू समाज के ही लोगों के ऊपर इस तरह की घटना हो रही है इस पर रोक लगनी चाहिए उन्होंने कहा कि भुनेश्वर साहू के जो हत्यारे हैं उन्हें सख्त से सख्त सजा होनी चाहिए उनके साथ भुनेश्वर साहू के परिजनों को न्याय मिलना चाहिए तथा बीरमपुर ग्राम के हिंदू परिवारों को शासन से सुरक्षा मिलनी चाहिए तथा इस तरह के जघन्य अपराध पर पूर्ण रूप से विराम लगनी चाहिए पिंडदान का कार्यक्रम भुनेश्वर साहू के छोटे भाई कृष्णा साहू एवं उनके दादा दादू राम साहू ने किया पिंडदान के पश्चात त्रिवेणी संगम महानदी में उनका अस्थि विसर्जन किया गया

### कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया भुनेश्वर साहू का अस्थि विसर्जन



अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में शासन प्रशासन के लोग मौजूद रहे किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सैकड़ों की तादाद में पुलिस बल तैनात थे प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई अस्थि विसर्जन स्थल में अपर कलेक्टर अविनाश भाई एसडीएम पूजा बंसल डीएसपी सिंह साहब तहसीलदार टोन्डरे जी सहित बेमेतरा जिला प्रशासन एवं गरियाबंद जिला के शासन प्रशासन के अधिकारी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार गण भी मौजूद थे

### बौद्ध समाज ने अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



**गरियाबंद, 15 अप्रैल।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर गरियाबंद बुद्ध समाज के द्वारा नगर में प्रातः बाबा साहब की अर्चना के पश्चात संध्या नगर में रैली निकाल महाविद्यालय भवन में स्थित बाबा की प्रतिमा के को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए एक सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गरियाबंद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कामले अध्यक्षता आर.के तलवार अचार्य महाविद्यालय एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला अस्पताल के सी एम ओ श्री नाग नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टामसन के साथ ही महाविद्यालय के प्रोफेसर श्री तारक विशेष रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर सेवानिवृत्त ए एसआई श्री उईके का सम्मान किया गया साथ ही सभी अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर देश प्रदेश और नगर की खुशहाली की कामना की

# घर घुसकर मारपीट व चोरी के 11 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 अप्रैल।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 214/2023 धारा 147, 452, 294, 323, 506, 456 भादवि व अपराध क्रमांक 200/2023 धारा 457, 380 भादवि के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया। घर अंदर घुस कर मारपीट करने वाले आरोपीङ्क(01)झालाराम साहू पिता उमाशर साहू उम्र 35 साल साकिन महावीर वार्ड न.3 शिव मंदिर के पीछे भाटापारा थाना भाटापारा शहर

इंद्रजीत युदे पिता रविशंकर यदु उम्र 38 साल साकिन अकलतरा थाना भाटापार ग्रामीण जिला बलौदाबाजार, गोपाल कृष्ण यदु पिता रविशंकर यदु रामसागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापार शहर, विकाश यादव पिता कामता यादव उम्र 27 साल साकिन भाटापारा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर थाना भाटापारा ग्रामीण, मानसिंग वर्मा पिता रामकुमार वर्मा उम्र 26 साल साकिन अर्जुनी थाना भाटापार ग्रामीण जिला बलौदाबाजार, लोकेश टण्डन पिता कुजराम टण्डन उम्र 33 साल साकिन महासती वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, चैतराम यदु पिता सनत यदु उम्र 27 साल साकिन रामसागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, दिनेश यदु पिता लेखराम यदु उम्र 31 साल साकिन रामसागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापार शहर चोरी करने वाले आरोपी हिरा उर्फगोलु टंडन पिता आशाराम टंडन उम्र 19 वर्ष, भुजाल उर्फ गौतम कुरै पिता धर्मेन्द्र कुरै उम्र 19 वर्ष, श्याम बाई पति आशाराम टंडन उम्र 55 वर्ष सभी साकिनान इंदिरा कालोनी बलौछा बाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाजार जिला बलौदाबाजार छ.ग है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी अनिल सिंह साकिन कालोनी जे 13 अप्रैल को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आबकारी विभाग बलौदाबाजार में कैश कलेक्शन विभाग में कृष्णायन कालोनी जे-4 आफिस में मैं मैनेजर के पद पर पदस्थ हूं। बलौदाबाजार जिले के सभी शराब भट्टीयों का कैश कलेक्शन होकर आफिस में जमा होता है तथा दूसरे दिन बैंक में जमा किय जाता है ग्राउण्ड फ्लोर में आफिस है जिसमें एक रूम में कैश का चार लाकर है जिसमें कलेक्शन का रकम रखा जाता है तथा एक रूम में कैश काउंटिग का काम होता है 13 अप्रैल को रात्रि 11:15 बजे मैं रूम के अन्दर में था तभी गनमैन पुष्पराज यादव आकर बताया कि खान शराब भट्टी का सुपरवाईजर झाला राम साहू आये तो ठीक है आने ददो बोलने पर गनमेन द्वारा गेट खोलने पर झालाराम साहू के आथ इंद्रजित यदु, गोपाल यदु विकाश यदु, मानसिंग यदु, लोकेश टण्डन, चैतराम यदु दिनेश यदु, व अन्य उनके साथी गनमेन पुष्पराज यादव को धक्का देते हुये एक राय होकर जबरन आफिस के अन्दर घुसकर आबकारी विभाग के एडीओ रति पाठक सर के नाम से मां बहन की गाली गलौच करने लगे जिसे हमारे अधिकारी है गाली मत दो कहने पर मेरे साथ मां बहन की अश्लील गाली गलौच करते हुये जाने से मारने की धमकी देकर सभी लोग हाथ मुक्का लात से मारपीट किये कि रिपोर्ट पर अपराध धारा कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण सदर के आरोपीगण द्वारा दिनांक घटना को जुर्म घटित करना सबुत पाये जाने से विधिवत 14 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तारी की सूचना परिजन को दी गयी है रिमाण्ड पेश कर जेल भेजा गया। वही दुसरा प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 200/2023 धारा 457, 380, 34 भादवि में 12 अप्रैल को सुबह प्रार्थीया रामायण सुनने सुनने गयी वापस आते समय करीबन 04.30 बजे प्रार्थिया के घर तरफ से हिरा टण्डन, गौतम कुरें निकलकर भागें तब प्रार्थिया अपने घर अंदर जा के देखी तो घर में रखे संदुक खुला हुआ था जिसके अंदर रखे सोने का मंगल सूत्र एक नग, 01 नग सोने का पत्ति, 04 नग गेहुं दाना सोने का, 01 नग सोने का फुल्ली, एक जोड़ी सोने का टाप्स, एक जोड़ी चांदी का पायल किमती 40000/ रू . मथा नगदी 15 हजार रूपये को चोरी कर भागे है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

## एक नजर



**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय हाई स्कूल सासाहोली के कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर कक्षा 10वीं का पुस्तक वितरण किया गया। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कक्षा 9वीं में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी व छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### त्रिवेदी ने मां दंतेश्वरी का दर्शन कर मांगी प्रदेशवासियों की खुशहाली



**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी का दर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के साथ कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता थे और माता दंतेश्वरी का पूजन-वंदन कर समस्त प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की।

### भाजपाईयों ने मनाई आम्बेडकर जयंती



**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी तिल्दा ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में ग्राम सिर्वे में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई जिसमें भीमराव अंबेडकर तथा भारत माता की फ़ोटो पर माल्यार्पण कर जयकारा लगाकर पूजा अर्चना किया गया। मुख्यरूप से सरपंच विद्या वर्मा, जनपद सदस्य मनहरण वर्मा, वरिष्ठ नेता फल्गो राम वर्मा, युवा मोर्चा महामन्त्री दीपक वर्मा, राजकुमार मढ़रिया, पंच कृष्ण धिरहे, पूर्व उपसरपंच चंचल सिंह बेरवंसी, अकबर यादव, वरिष्ठ नागरिक मालती बाई धीवर, रेवाराम धीवर, बिक्कू बंजारे, अतुल वर्मा, कुलदीप वर्मा, तुसार पोर्ते, रिंकू वर्मा, मधु यादव, नरेश पटेल, शाहिल वर्मा आदि ग्रामीण शामिल रहे।

### बीजेपी ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती

**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का भारतीय जनमानस के जीवन पर गहरा प्रभाव है। विविधताओं से पूर्ण हमारे देश के लिए संविधान निर्माण के साथ-साथ उन्होंने समाजिक नवचेतना एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया है। उक्त बात बीजेपी नेता नरेंद्र शर्मा ने कही वार्ड क्रमांक चार में जयंती के अवसर पर माला अर्पण कर नमन किया इस दौरान बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल महा मंत्री शोरब्भ जैन मनोज निषाद पार्षद रवि सेन चंद्रकला वर्मा डा खुमान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### फेक न्यूज वालों की अब आएगी शामत

**कसडोल, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों को चेतावनी दी गई है जो लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल लोगों को उकसाने/भड़काने झगड़ा करवाने/कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, वे सुधर जाएं। आज लोगों को डिजिटल क्रांति के अंतर्गत सोशल मीडिया पर अपनी बात या विचार रखने का हक, हर छोटे से बड़े आदमी को प्राप्त है पर कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। देखा जा रहा है कि कुछ लोग चंद सेकेंड के एडिटेड वीडियो को डालकर केवल और केवल अपने मंदबुद्धि होने का परिचय दे रहे है और समाज में अशांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं। इस गलत और तथ्यहीन वीडियो/समाचार से लोग एक दूसरे के दुश्मन बन सकते हैं। इस तथ्य से अनजान बड़े मजे से कुछ लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। कहावत है बंदर के हाथ में उस्तरा! यही हाल कुछ लोगों का है जो सोशल मीडिया के पावर (ताकत) से अंजान कुछ भी गलत मिमिक्री वीडियो डालकर अपने निजी स्वार्थ की रोटी सेंकने में लगे है। इन सब को देख कर कसडोल नगर पंचायत के समाजसेवी भरतलाल साहू, विष्णु साहू, बीपी साहू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिस पर सायबर सेल और पुलिस से निवेदन किया गया कि इस पर शीघ्र ही लगाम लगाएं। आज बलौदाबाजार जिला पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी लोगों को चेतावनी दी है। सोशल मीडिया से तत्काल सभी फेंक वीडियो और समाचार हटा दें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कसडोल भाजपा मंडल में समरसता पखवाड़ा सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 15 अप्रैल।** 14 अप्रैल को भाजपा मंडल कसडोल के बूथ क्र 129 में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू के आतिथ्य में मंडल प्रभारी गिरधारी वर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल के द्वारा छायाचित्र का पूजन कर माल्यार्पण किया गया एवं उनके आदर्शो सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा, देश के संविधान निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किये गए कार्यो को याद कर के नमन किया गया। सामाजिक समरसता पखवाड़ा के तहत आज 14 अप्रैल 2023 को वार्ड क्र 13 कांटीपारा (कसडोल) में अनुसूचित जाति समाज के प्रबुद्धजनों को साल व माताओं को साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, मंडल प्रभारी गिरधारी वर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, महामंत्री सुदीप मानिकपुरी, वार्ड 13 पार्षद विनोद बंजारे, मंत्री अनिल श्रीवास, मंत्री व पार्षद कु.कमल कैवर्त, शिवचरण कुर्रे, अश्वनी कुर्रे, अच्छेलाल घृतलहरे, धनसाय घृतलहरे, गणेश घृतलहरे, बगस भारद्वाज, संजय भारद्वाज, इतवारी कोशले, आनंद साहू, दादू राम साहू, नंदराम यादव, महिला सहेतरीन यादव, माहेश्वरी भारद्वाज, गीता भारद्वाज, गायत्री घृतलहरे, दयामती साहू, मंजू बंजारे सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# बीजेपी के पार्षद संगठन से आखिर क्यों हैं खफा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल।** पिछले कुछ महीनो बीजेपी के तेरह पार्षद एक नही है और नही कभी एक हो पाएंगे कारण बीजेपी के नगर पालिका के खिलाफपारित प्रस्ताव में तेरह में तीन लोगो ने समर्थन नही किया इस को लेकर बीजेपी के स्थानीय सगठन ने उनको कारण बताओ नोटिस दिया तब से लेकर आज तक एस ये तीन पार्षद अलग हो गए है।

विरोध के स्वर मुखर क्यों नहीं: पालिका में बीजेपी पार्षद नो कुछ ही समस्या के खिलाफ आवाज उठाई है और जो लोग समस्याओं की बात करते है। और पालिका में सक्रिय होकर लोगो की समस्या का निराकरण करते है ऐसे जन प्रतिनिधियों को जनता पसंद करती है। गार्डन चौपाटी की सुंदरता पर किसी का ध्यान नही है पालिका के जन प्रतिनिधियों को गार्डन चौपाटी पर भी ध्यान देना चाहिए गार्डन में बच्चो की नियमित संख्या। बढ़ रही है झूले सीमित है तो कुछ खेलने की खिशल पट्टी टूट गई है। चौपाटी की दुकानें बनी है लेकिन आज भी सुंद्रीयता की जरूरत है नगर के एक मात्र गार्डन भी पार्षद बिन सुना है नगर में कुल 22 वार्ड मेंबर पांच एल्डर मेन है लेकिन गार्डन चौपाटी में किसी का योग दान नही है। बीजेपी शासन में हुवा था गार्डन चौपाटी का नव निर्माण : बीजेपी के शासन में जन हित में नगर के लिय पुराने गार्डन की कायाकल्प। की गई थी लेकिन बिना रख रखाव के गार्डन में फुव्वारे बंद है साफ सफाई का अभाव है अंधेरे को प्रकाश की अवस्यकता है। लेकिन इस पर बीजेपी के मेंबर खामोश है।

# इंडियन टैलेंट एग्जाम में रश्मि दीवान ने मारी बाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 15 अप्रैल।** छुरा नगर का एक मात्र सीबीएसई स्कूल -सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा कुमारी रश्मि दीवान ने स्टेट लेवल पर 6वाँ रैंक लाकर पुरे छत्तीसगढ़ में अपना नाम रौशन किया। संस्था से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 3री में अध्ययनरत कुमारी रश्मि दीवान ने इंडियन टैलेंट एग्जाम 2022 में मैथ्स सब्जेक्ट में 6वां रैंक प्राप्त किया है जिस पर उसे 700 रूपये की स्कालरशिप और मैडल दिया जायेगा। इसी क्रम में कुमारी लिव्यांसा चंद्राकर को इंग्लिश सब्जेक्ट में स्टेट लेवल पर 14वॉ रैंक मिला और मिनाक्षी सिन्हा कक्षा- 7 वी, को जनरल नॉलेज में 17वॉ स्थान मिला है इन दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक्ससिलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आपको विदित हो की प्रत्येक वर्ष यह परीक्षा इंडियन टैलेंट ओलम्पियाड मुंबई की ओर से ली जाती है जिसमे अलग -अलग विषय होते हैं। इस वर्ष यह परीक्षा दो चरणों में हुई जिसमे रश्मि दीवान स्टेट लेवल पर 6वॉ, लिव्यांसा चंद्राकर को 14 वॉ और मिनाक्षी सिन्हा को 17वॉ स्थान मिला है। प्राचार्य बिंदु जार्ज जेकब ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इंडियन टैलेंट ओलम्पियाड की ओर से अभी परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई है। उनका मेडल और प्रशस्ति पत्र आने पर वितरित किया जायेगा। उपर्युक्त तीनों विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि संस्था की ओर से ढेर सारी बधाई। संस्था प्रबंधक शैजू जार्ज जेकब ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य और उनकी उपलब्धि के लिए आशीर्वाद प्रदान किया तो विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन एवम समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओ को इसका श्रेय दिया है द्य शैक्षिक निर्देशक सुमंत आचार्य, प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जैकब और समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं ने भी शुभकामनायें और बधाइयाँ दिया दी है और सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक एक्साम में सफलता असफलता का विचार किये बिना सभी एग्जाम में बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले 2 आरक्षक लाइन अटैच

**बलौदाबाजार, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्र. 199/2023 धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 04, 06 पास्को एक्ट के आरोपी सोनू उर्फआशुतोष निषाद निवासी संत माता कर्मा वार्ड भाटापारा को गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल दाखिल करने के आदेश होने उपरांत थाना भाटापारा ग्रामीण से आरक्षक क्र. 298 प्रदीप सप्रे एवं आरक्षक क्र. 677 धन्नू सिरसो के माध्यम से सुरक्षार्थ आरोपी को उप जेल बलौदाबाजार, जेल दाखिल करने रवाना किया गया था। जेल दाखिल करते समय प्रकरण का आरोपी सोनू और आशुतोष निषाद उक्त दोनों आरक्षकों को चकमा देकर फरार हो गया। कि प्रकरण में उक्त दोनों आरक्षकों के द्वारा कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही प्रदर्शित किया गया, जिसके कारण उक्त प्रकरण का आरोपी फरार हो गया।

# काम में लापरवाही, जिपं सीईओ ने 2 अधिकारियों को थमाया नोटिस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 15 अप्रैल।** जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा आज गौधन न्याय योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लेने पलारी विकासखंड के ग्राम अमेरा के गौठान पहुँचे। इस दौरान उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत अधूरे एग्रीगेशन सेट पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी कुमार साहू एवं स्वच्छ भारत मिशन के विकासखण्ड समन्वयक रजनी कांत बंजारे को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए है। वर्मा ने दो टूक कहा की कृषि विभाग के अधिकारी गौठानों में जाकर वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता पर ध्यान नही दे रहे है। इसकी लगातार शिकायत पंचायत एवं गौठान समिति के सदस्यों के माध्यम से मिल रही है। गौधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत वर्मी कम्पोस्ट की गुणवत्ता में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नही जाएगी।निरीक्षण के दौरान उन्होंने टांका निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, गोबर खरीदी, गौ-मूत्र खरीदी, महिला स्व सहायता समूह की आजीविका गतिविधियों सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। इस मौके पर सहायक परियोजना अधिकारी केके साहू, जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### तिल्दा शहर भाजपा मंडल ने मनाई आंबेडकर जयंती



**तिल्दा-नेवरा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक वार्ड क्रमांक 4 में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए मनाया अंबेडकर जयंती भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे उन्होंने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता हैं उन्होंने अपना पूरा जीवन संविधान के निर्माण और समाज की सेवा में लगा दिया, हम भारतीयों के एकजुट होकर के भारतवर्ष में भाई चारे के साथ रहने व ऊंच-नीच के भेदभाव को भूलाकर के एक समान भारत वासियों को दिलाया। वहीं वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा और शहर मंडल के महामंत्री सौरभ जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारतवर्ष के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वीर शहीदों के सम्मान में इस प्रकार से लगातार कार्यक्रम करते आ रहे हैं और देश के सभी महापुरुषों को प्रेरणा मानते हुए उन्हें याद किया जाता है भारतीय जनता पार्टी का विचारधारा ही देश के शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान करना है उक्त कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री एवं पार्षद मनोज निषाद, चंद्रकला वर्मा पार्षद, डॉ खुमान वर्मा, रवि सेन पार्षद, नरेंद्र लहरी मंडल के उपाध्यक्ष, गायकवान बंजारे, गौरी वर्मा, शिव वर्मा, प्रियंक सोनी, शैलेन्द्र बलरिया, रोहित साहू, नीरज लाहोटी, आदित्य तिवारी, आदि उपस्थित रहे



**भाटापारा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार शाम शहर थाना परिसर मे एसपी के निर्देश पर एक बैठक संपन्न हुई जिसमे शहर मे शांति पूर्ण वातावरण रखने के लिए उपस्थित लोगो के द्वारा रायशुमारी कि गई उक्त बैठक मे एसडीएम नरेन्द्र बंजारा, तहसीलदार आर.एम.दीवान, शहर टी.आई.अरूण साहू, ग्रामीण टी.आई.विनोद मण्डावी, सायबर प्रभारी रोशन सिंह राजपूत, के अलावा उपस्थित गणमान्य लोगो की मौजूदगी मे शहर मे भाई चारा बनाये रखने के लिए एकमत से सभी ने समर्थन किया।

### निगम मंडल सदस्य के नए कार्यालय का उद्घाटन



**भाटापारा, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमगा शहर में शंकर नगर शिवम हास्पिटल के आगे दीपांशु फर्नीचर के पीछे में निगम मंडल सदस्य छत्तीसगढ शासन सतीश अग्रवाल ने किया अपने नवीन कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ कांग्रेसी गजानंद सेन थानेस्वर साहू जगमोहन मार्कण्डेय के हाथों फीता काटकर किया गया सतीश अग्रवाल ने अपने उध्बोधन में यहा पर कांग्रेस को मजबूत करना है कांग्रेस के साथियों को बैठनें के लिए और विचार करने के लिए कांग्रेस के जो नीति हैं छत्तीसगढ़ सरकार की जो योजनाएं हैं उसको जन जन तक पहुचाने के लिए के हम सब मील कर प्रयास करेंगे और एक स्थान यहा उपलब्ध कराया गया है, विचार विमर्श बैठक के लिए एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए साथ ही समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को गमछा भेंट देकर सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार नायक भाटापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर मंडावी, सुनील माहेश्वरी, भागवत सोनकर, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रामविलास साहू, अब्दुल खान, कान्हा यदु, मोहन गायकवाड़, अनूप तिवारी, रवि तिवारी, अजित भट्ट, पुरन देवांगन, कोमल टंडन, मनमोहन बंजारे, इंटक कांग्रेस के प्रदेश संयोजक पप्पू अली, हीरेन्द्र कोशले, गोलू पाटकर, जिनेंद्र भारती, सरिता धृतलहरे, अजय ठाकुर, मनीष पंजवानी नगर पालिका परिषद भाटापारा एल्डरमैन, विष्णु कोशले, हीरा साहू, दाउ लाल, श्याम लाल देवांगन, विजय गुप्ता, त्रिलोक सलूजा, विशाल मानिकपुरी, रूपमोहन बघेल, राज खान, नानू सोनी, आशु साहू, कुंजराम साहू, हिम्मत लाल शर्मा, संतोष अग्रवाल, मोहन वर्मा, अशोक दारा साहू, भुवन सिंह ठाकुर, केदार मिश्रा, कन्हैया वर्मा, ईश्वर सेन, तिलक लहरे, पीला दास बंजारे, विजय टण्डन, संतोष निषाद, मोहन साहू, मोहन गायकवाड, आकाश, फुलदास कुर्रे, दयाराम टण्डन, सनत कुमार, अश्वनी बारले, ओमप्रकाश मार्कण्डेय, राकेश डहरे, कलाराम वर्मा, कुलेश्वर साहू, कुजंराम साहू, देवचरण, भोला, संतराम, राम भरोस, लकी शर्मा, महेंश बंजारे, मिलन, खुशीराम, राकेश डहरिया, महेंद्र साहू, चैतराम गेण्डरे, पुनीत राम घृतलहरे, अमरदास जांगड़े, एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व कार्यकर्तागण सैकड़ो के संख्या में उपस्थित रहे।

### संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा सुदर्शन भवन प्रांगण में स्थापित



**डोंगरगढ़, 15 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुदर्शन वाल्मीकि स्वच्छकार समाज द्वारा छत्तीसगढ़ की पावन नगरी डोंगरगढ़ में इंदिरा नगर वार्ड नं 05 सुदर्शन भवन प्रांगण में भव्य रुप से परम पूज्य डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा का 10 अप्रेल को स्थापना गई. इस पावन अवसर पर डोमार वाल्मीकि समाज के गणमान्य नागरिक सहित शहर अध्यक्ष नरेश करसे भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेडयूनियन ने कहा है कि स्वच्छकार समाज में भी परम पूजनीय विश्व रतन बाबा साहेब आम्बेडकर एवं भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता आ रही है और 22 जनवरी 2018 को नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ सर्व सहमति से प्रस्ताव हुआ था जिसके बाद बाबासाहेब की मूर्ति की स्थापना पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने सुदर्शन वाल्मीकि भवन पर स्थापित किया गया था जिसका सुदर्शन वाल्मिक समाज के द्वारा सहमति से भव्य निर्माण सुदर्शन भवन के सामने किया गया. इस अवसर पर सुदर्शन वाल्मीकि समाज के विजय करसे रुपेश बघेल विनोद करसे संजीव बक्सरे मनीष समुद्रे मयूर हत्थेल संजय हत्थेल संतोष मधुमटके अतुल बिरहा विक्की समुद्रे ऋषभ डकहा राजू समुंद्रे सोनू खोबरागडे कमल करसे अशोक बिरहा सुरेश रगड़े पवन मधुमटके अनिल भौंवरेल दौलत समुद्रे प्रीतम समुद्रे सुधीर बघेल दीपक बघेल सनी बघेल शक्ति भौवरेल सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कर्नाटक चुनाव में छग के 3 नेताओं को मिली जिम्मेदारी, बनाए गए ऑब्जर्वर

**रायपुर, 15 अप्रैल।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियां पूरी तैयारी में जुटी हुई है. वहीं कांग्रेस ने चुनाव को लेकर ऑब्जर्वर की सूची जारी की है. जिसमें कुल 66 ऑब्जर्वर बनाए गए हैं. इस चुनावी रण में छत्तीसगढ़ के तीन नेताओं को भी जिम्मेदारी मिली है. कर्नाटक चुनाव में छत्तीसगढ़ के जिन तीन नेताओं को जिम्मेदारी मिली है. उसमें विधायक विकास उपाध्याय, विधायक शैलेश पांडे और पंकज शर्मा विधानसभा ऑब्जर्वर बनाए गए हैं.

### अनुषा बनी प्रदेश सचिव

**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला



कांग्रेस में अनुषा श्रीवास्तव को प्रदेश सचिव सोशल मीडिया कोआर्डिनेटर बनाया गया है। अनुषा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा की अनुशंसा एवं प्रभारी सुनीता सहरावत के आदेश पर दी गई है। अनुषा ने कहा है कि प्रदेश महासचिव श्रीमती उषा रज्जन श्रीवास्तव का उन्हें हमेशा मार्गदर्शन मिला है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शिकायत पर बीजेपी के 8 नेताओं को नोटिस

**रायपुर, 15 अप्रैल।** सोशल मीडिया पर नफ्रत फैलाने वाली सामग्री पोस्ट करने के आरोप में छत्तीसगढ़ पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के 8 पदाधिकारियों को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भडकाऊ पोस्ट अपलोड करने के मामले में भाजपा नेताओं को नोटिस भेजा गया है। भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव, भाजपा छत्तीसगढ़ के ट्विटर हैंडल के आईटी सेल प्रभारी सुनील पिल्लई, कोषाध्यक्ष नंदन जैन, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष योगी साहू, मंडल युवा मोर्चा समन्वयक कमल शर्मा, मोर्चा सदस्य शुभंकर व पार्टी कार्यकर्ता बिट्टू पाणिग्रह शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 16 से कई आयोजन

**रायपुर, 15 अप्रैल।** नर्सिंग अधिकारी एसोसिएशन ऑफएम्स, रायपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में खेलो, ब्लड डोनेशन कैंप, रैली, पौधा रोपण आदि कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें न्यूज प्लस 21 मीडिया पार्टनर के रूप में सामाजिक भूमिका निभा रहा है। बता दें कि 16 से 30 अप्रैल तक खेल कुद प्रतियोगिताएं होगी । जिसमें मुख्य क्रिकेट, कैरम, चेस, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और अन्य जिसका उद्घाटन 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे एम्स के ग्राउंड में एम्स के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. नितिन एम नागरकर करेंगे। साथ ही नर्सेज वीक भी मनाया जाएगा, जो दिनांक 6 मई से 12मई तक चलेगा। जिसमें कई कार्यक्रम रहेंगे। दिनांक 6 मई को अनाथ आश्रम में जाएंगे जहां पर जरूरतमंद बच्चों को उनकी जरूरत के हिसाब से सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं 7 मई को एम्स कर्मचारियों के बच्चों का कार्यक्रम होगा। 8 मई को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा! इसके अलावा 9 मई पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन एम्स में किया जाएगा। 10 मई निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### निधन

### राजपाल लुम्बा

**रायपुर 15 अप्रैल।** डब्ल्यूआरएस दशहरा उत्सव



समिति के मुख्य कलाकार व नेशनल क्लब के अध्यक्ष राजपाल लुम्बा का शाम 82 वर्ष के आयु में हृदयघात से निधन हो गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी, पुत्र आशीष लुम्बा बहु, पुत्री स्वाति को छोड़ कर स्वर्ग सिधार गए। उनका अंतिम यात्रा कल दोपहर 2 बजे उनके निवास रामेश्वर नगर भनपुरी से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार कल दोपहर 3 बजे खमतराई मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## लापरवाही पड़ सकती है भारी

### कोरोना के मामले बढ़े, सावधानी ही उपाय



**रायपुर, 15 अप्रैल।** हालांकि कोरोना ने पहले की तरह अभी भयावह रूप नहीं लिया है किंतु लापरवाही बरती गई तो कोरोना को अपने जानलेवा डैने पसारने में वक्त नहीं लगेगा। सही मायने में अब सावधानी बरतने का समय आ गया है। राज्य के 22 जिलों में 24 घंटे के भीतर दो सौ से ज्यादा कोरोना के मरीज मिले हैं। 1395 एक्टिव मरीज हैं। बलौछाजार में एक की मौत भी हो गई है। संक्रमण दर 7.53 से बढ़कर 13.78 प्रतिशत हो गया है। कोरोनो के बढ़ते प्रकरणों के बावजूद राजधानी में एहतियात बरतने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इन दिनों पाक रमजान का महीना चल रहा है। तमाम मस्जिदों में भीड़ रहती है। राजधानी के बाजारों में बेकाबू भीड़ नजर आ रही है। कोरोना गाइड लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। हालांकि कोरोना गाइड लाइन का पालन करने सरकार ने कोई निर्देश जारी नहीं किया है फिर भी लोगों को खुद होकर इसका पालन करना चाहिए। लोगों के मुंह-नाक से मास्क गायब हो गए हैं। सेनेटाइजर का भी उपयोग बंद हो गया है। मालवीय रोड, गोलबाजार, एमजी रोड, सभी सब्जीबाजार, होटलों, खाने-पीने के सामानों के ठेले, मंदिरों, उद्यानों, चौपाटी में लोगों की जो भीड़ नजर आ रही है वह डर व चिंता पैदा कर रही है। एक भी आदमी मास्क लगाए नजर नहीं आता है। वैसे राज्य सरकार कोरोना से निपटने पूरी तरह से तैयार है। सभी तरह के इंतजाम कर लिए गए हैं। सवाल यह है कि इस तरह के मौके क्यों बुलाया जाए कि अस्पताल में भर्ती होना पड़े। कोरोना से बचने व लड़ने का सबसे कारगर उपाय मास्क, सेनेटाइजर, दूरी बनाना व साफ-सफाई ही है। नया शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के कारण स्कूल भी लग रहे हैं। अभी से ही जागरूक होकर सावधान हो जाएं और पहले से ही आवश्यक कदम उठा लें तो क्वारंटाइन होने और लॉकडाउन से बच पाएंगे। वरना फिर से बेरिकेड्स लगाकर इलाकों को सील करना पड़ेगा और मकान की दीवार पर चिपकेगा कोरोना पीड़ित होने का पर्चा। संतोष की बात यह है कि कोरोना का वायरस पहले की तरह खतरनाक नहीं है। यह कमजोर पड़ चुका है।

## वर्षा ने हरा सोना की गुणवत्ता पर फेरा पानी

- लाल आतंक के साये में अगले सप्ताह से होगा तेंदूपत्ता संग्रहण
- व्यापारियों को पुलिस संरक्षण देने की कवायद



■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ का बहुमूल्य हरा सोना तेंदूपत्ता का संग्रहण अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। बेमौसम वर्षा के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं इसकी गुणवत्ता पर भी काफी असर पड़ा है।

छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का काम अब राज्य शासन के वन विभाग को दे दिया गया है। वन विभाग के अधीन कार्य करने वाले लघु वनोपज संघ के एमडी अनिल राय ने बताया कि तेंदूपत्ता का संग्रहण अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। करीब 16 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में 901 सहकारी समितियां हैं। इनके माध्यम से तेंदूपत्ता का संग्रहण होगा जिसमें हजारों की संख्या में मजदूर कार्य करेंगे। राज्य शासन ने तेंदूपत्ता का रेट प्रति गड्डी बढ़ा दिया है लेकिन मध्यप्रदेश में इसका रेट कम है। इसके कारण छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता के विक्रय पर असर पड़ रहा है। राय के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण का काम निरंतर चला और निर्धारित लक्ष्य पूरा हो गया तो करीब 1000 करोड़ की आय होगी। वर्तमान में राज्य शासन ने दक्षिणी छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले सुकमा, दंतेवाड़ा, एवं नारायणपुर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां पर गोंदिया, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा के व्यापारी तेंदूपत्ता खरीदी के लिए आते हैं। इसके लिए निर्धारित समय में तेंदूपत्ता के लिए टेंडर भर दिया जाता है। राज्य में दक्षिण बस्तर के तेंदूपत्ता की मांग सर्वाधिक है। बंगाल के व्यापारी तेंदूपत्ता खरीदने के लिए सक्रिय हैं।

लघु वनोपज संघ के एमडी राय के अनुसार दूसरे चरण में उत्तरी छत्तीसगढ़ के कोरबा, अंबिकापुर, सूरजपुर एवं कोरिया में तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू होगा। यदि मौसम साफ रहा तो संग्रहण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। पिछले दिनों हुई बेमौसम वर्षा के कारण दक्षिण बस्तर में तेंदूपत्ता की गुणवत्ता सबसे ज्यादा प्रभावित होने की आशंका है। तेंदूपत्ता कटाई के पहले बूटा कटाई का काम भी पूरा कर लिया गया है।

## सिंधी पंचायत ने प्याऊ घर का किया शुभारंभ




**रायपुर, 15 अप्रैल।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के नेतृत्व में मेन रोड अमलीडीह में निःशुल्क प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने बताया की इस कड़ी धूप को देखते आम नागरिकों की सेवा के लिए सार्वजनिक प्याऊ घर खोला गया।यहाँ नागरिकों को साफ़ और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।पानी पिलाना सबसे पुण्य का काम है, पानी ही मनुष्य के जीवन का अमृत है।विशाल ने बताया कि पूरे विधि विधान के साथ समाज के वरिष्ठगणों के हाथों से प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में पंचायत के डी. प्रेममूलचंदानी, अमर चंदनानी, राजकुमार भाटिया, प्रेमलाल भखतानी, सुनील बत्रा, संजय जयसिंघानी, हरीश डोडवानी, गोपी कुकरेजा, इन्द्रलाल रूपरेला, अमित नागदेव, राकेश माटा, यश नागवानी, चिराग़ जयसिंघानी आदि उपस्थित थे।

## विस चुनाव : आयोग ने की तैयारियों की समीक्षा

» चुनाव को लेकर दिल्ली में बैठकें शुरू » वीवीपैड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 15 अप्रैल।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पश्चात संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई जिसमें फोटोयुक्त मतदाता सूची, मतदान केंद्र, वीवी पैड सहित पुलिस फोर्स एवं खर्च का विवरण मांगा गया है। अधिकारियों ने छग में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर ताजा जानकारी दे दी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में होने वाले चुनाव की तैयारियों के लिए पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बुलाया फिरज्वाइंट और असिस्टेंट सीईओ को दिल्ली बुलाया गया। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से नितिन मांझी इस बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विधानसभा चुनाव में लिए करीब 200 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। राज्य शासन और भारत निर्वाचन आयोग आधा-आधा खर्च करेगा। आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र के शत-प्रतिशत बन जाने की जानकारी दी है। आयोग चाहता है कि इस चुनाव में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी हो। इसके लिए मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। ऐसे युवा जो अप्रैल माह में 18 वर्ष के हो जाएंगे उनका नाम भी मतदाता सूची में जोड़ दिया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस फोर्स के संबंध में भी जानकारी दी गई। भारत सरकार के सेंट्रल फोर्सेस को यहां पर तैनात किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में चुनाव कितने चरण में होंगे इसका फैसला आयोग करेगा।

छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की संख्या बढ़ती जा रही है। करीब 2 करोड़ मतदाता इस वर्ष होने वाले चुनाव में मतदान करेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र में करीब 1000 मतदाता होंगे। चुनावी खर्च को लेकर भी चर्चा हुई। प्रत्येक जिले से खर्च का ब्यौरा मंगाया गया है। जुलूस, सभा तथा अन्य कार्यों की वीडियोग्राफी होगी। आयोग स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य की मतदाता सूची की मॉनिटरिंग कर रहा है। यहां पर सामान्य, व्यय तथा पुलिस प्रेक्षक भी भेजे जाएंगे। आयोग के अनुसार अब चुनाव को लेकर बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, राजस्थान में चालू वर्ष में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### अक्षय तृतीया



**रायपुर, 15 अप्रैल। बाजार में गुड्डा-गुड़िया बिकने लगे हैं। यानि अक्षय तृतीया करीब है।**

## अप्रैल माह में ही पड़ रही भीषण गर्मी, सड़कों पर सन्नाटा

**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मार्च और अप्रैल की शुरुआत में सक्रिय सिस्टम के हटते ही तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है. सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगी हैं. दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है. बाजार में धीरे-धीरे भीड़ छंटती जा रही है. यह स्थिति तब है, जब तापमान अप्रैल के अपने अधिकतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी रायपुर में ही अप्रैल में अब तक का सर्वाधिक तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा है. यह स्थिति 30 अप्रैल 1942 की थी. वहीं, पिछले साल 29 अप्रैल को 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान था. 13 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा ।अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 15.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर है. वहीं आर्द्रता 41 से 32 प्रतिशत के बीच है. हालांकि रायपुर के जलवायु लक्षण के मुताबिक यहां औसत आर्द्रता 42 से 23 प्रतिशत के बीच होती है. यानी 19 प्रतिशत का अंतर होता है. बता दें कि आर्द्रता कम होने पर ज्यादा गर्मी का अहसास होता है।

## पीएम फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




**रायपुर, 15 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर एवं सफल क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस सम्मान के लिए कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ देश भर में अग्रणी राज्यों में शुमार है।

भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा आज राजधानी रायपुर में आयोजित 9 वी राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला भारत सरकार के सचिव मनोज आहूजा ने छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज एफ तम्बोली, संचालक कृषि साहू, संचालक उद्यानिकी विभाग व्ही. माथेश्वरण, अपर संचालक उद्यानिकी भूपेन्द्र पाण्डेय और संयुक्त संचालक कृषि बी.के मिश्रा भी उनके साथ थे। राष्ट्रीय समीक्षात्मक कार्यशाला में जानकारी दी गई कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल की स्वचलित गणना और निपटान के लिए डिजीक्लेम मॉड्यूल के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। साथ ही पोर्टल दर्ज करने और बीमा का लाभ किसानों तक पहुंचाने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 6 लाख 77 हजार 558 पात्र किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाया गया है। किसानों को बीमा राशि के रूप में 192.41 करोड़ रूपए की राशि दी गई है।

## ऑटो एक्सपो से ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में बूम, तीन दिन में 3088 वाहनों की बुकिंग

### एक्सपो में पहुंचे कंपनियों के उच्च अधिकारियों ने कहा देश का सबसे बेस्ट ऑटो एक्सपो

**रायपुर, 15 अप्रैल।** रायपुर ऑटो मोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा साइंस कालेज मैदान में आयोजित ऑटो एक्सपो - 2023 वाहन खरीदने वालों के भरोसे पर सौ फीसदी खरा उतर रहे हैं। इसलिए कि वे जो वाहन चाह रहे हैं वह उन्हे मिल रहा है। यही वजह है कि रोजाना का बिक्री अपडेट शानदार आ रहा है। कह सकते हैं छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में एक्सपो ने बूम ला दिया है। कल जहां 1217 वाहन व पिछले तीन दिनों की बात करें तो 3088 वाहनों की बुकिंग हुई है। वीक एंड हालीडे से अगले दो दिनों में और ज्यादा रिस्पांश मिलने की उम्मीद है। एक्सपो की खासियत देश भर में फैल चुकी है इस बात से साबित हो रहा है कि बड़ी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी लगातार विजिट पर पहुंच रहे हैं और एक शानदार एक्सपो आयोजन के लिए राडा को बधाई दे रहे हैं। संभवतः पहला एक्सपो होगा जहां वाहन की खरीदी पर रोड टैक्स में 50 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है मतलब ग्राहक, डीलर्स व शासन सभी के लिहाज से देखे तो यह फायदेमंद है। ऑटो एक्सपो18 अप्रैल तक संचालित होगा। ताकि अधिकाधिक लोग लाभ उठा सकें।

रायपुर ऑटो मोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग, उपाध्यक्ष रविन्द्र भसीन, सचिव कैलाश खेमानी, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस बार ऑटो एक्सपो का एक ही उद्देश्य है पूरे राज्य भर के लोगों को जिनकी जो जरूरत है उस लिहाज से वाहन उपलब्ध कराना। राज्य भर के ग्राहक एक्सपो में आकर वाहन खरीद रहे हैं। पहली बार 100 ब्रांड लेकर



ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एक प्लेटफार्म पर राज्य भर से मौजूद हैं।

ग्राहक इस बात को लेकर खुश हैं कि डीलर्स उन्हे आकर्षक लाभ अपनी ओर से जो दे रहे हैं सो अलग, बड़ी बात है कि रोड टैक्स पर 50 फीसदी की छूट का लाभ यहां हो रहा है। वाहनों के मूल्य पर दोपहिया में 4 फीसदी और चार पहिया में 4.5 से 5 फीसदी तक का फायदा ग्राहक को हैं। 3 हजार से लेकर 10 लाख रुपए तक लाभ उन्हे आर्थिक रूप से मिल रहा है। तीन दिन में 3088 वाहनों की बुकिंग बता रहा है कि कितने शानदार ढंग से एक्सपो को प्रतिसाद मिल रहा है। डिमांड को देखते हुए डीलर्स अपने संबंधित कंपनियों से भी लगातार सप्लाई व न्यू माडल मंगा रहे हैं ताकि ग्राहक को शार्टेज की वजह से कोई परेशानी न हो। आन स्पाट बुकिंग के साथ डिलीवर, यदि जरूरत हुई तो फाइनेंस की सुविधा ने ग्राहकों की खुशियां दोगुनी कर दी है। शानदार स्टेज प्रोग्राम का भी एक्सपो में पहुंचने वाले विजिटर्स आनंद उठा रहे हैं। फूड कोर्ट में स्वाद के जायका का मजा भी ले रहे हैं।

ऑटो एक्सपो की खूबी अब पूरे देश भर मे फैल चुकी है। जिसे देखते हुए कंपनी के शीर्ष अधिकारी लगातार पहुंच रहे हैं। अशोक लेलैंड के सीईओ और एमडी आज एक्सपो विजिट पर पहुंचे थे। इससे पहले टाटा व होंडा टू व्हीलर के अधिकारी दिल्ली से आए थे। सभी ने कहा कि इतना शानदार एक्सपो उन्होने नहीं देखा, राडा के सारे मेंबर्स जहां टीम नेटवर्क के साथ एक्सपो में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं वहीं सभी स्टाल में पहुंचने वाले ग्राहकों को वाहनों के बारे में इतना शानदार प्रजेंटेशन दिया जा रहा है कि ग्राहक वाहन खरीदे बगैर जा नहीं रहा है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23